# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–214 । सागर, शनिवार, 23 सितंबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए




ग्राम पंचायतों में अधूरे पड़े निर्माण कार्य पृष्ठ 3
▪ बात बिगड़ेगी तो फ़िर दूर तलक जाएगी ▪ भारत के लिए आसान नहीं है मुद्रास्फीति से लड़ना पृष्ठ 4
▪ टिकट के दावेदारों ने समर्थकों के साथ दिखाई दावेदारी पृष्ठ 6
कुंडलपुर के ऐतिहासिक मठ में धूमधाम से विराजमान हुई माता रुकमणि पृष्ठ 7


संसद में बसपा सांसद के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी पर छिड़ा विवाद

# बिधूड़ी को भाजपा ने जारी किया नोटिस, लोकसभा अध्यक्ष ने भी लगाई फटकार

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा में भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी ने बसपा सांसद को गाली दी। जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने फटकार लगाते हुए नाराजगी जाहिर की तो भाजपा ने भी उन्हें नोटिस जारी कर दिया है। उधर विपक्ष भी भड़क गया है और सांसद पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की।

गुरुवार को लोकसभा में जब विधूड़ी चंद्रयान-3 की सफलता पर चल रही चर्चा पर बोल रहे थे तो बसपा सांसद दानिश अली ने कुछ टोका-टोकी की। इसके बाद भाजपा सांसद अपना आपा खो दिए और दानिश के लिए आतंकवादी सहित कई अभद्र शब्दों का प्रयोग किया। साथ ही बाहर निकलकर निपटने की भी धमकी दी। उनकी इस हरकत पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ऐसा व्यवहार सांसद द्वारा दुबारा किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर उन्हें नोटिस भी जारी कर दिया गया है। उधर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इस कृत्य के विधूड़ी की निंदा की। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने माफी मांगी है, लेकिन वो काफी नहीं है। इस तरह की भाषा से केवल दानिश अली नहीं पूरे सदन का अपमान है। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने विधूड़ी के भाषण का वीडियो साझा करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इसमें भाजपा सांसद बसपा सांसद के लिए उग्रवादी, आतंकवादी समेत कई आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सदन की गरिमा के रखवाले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला और विश्वगुरू नरेंद्र मोदी व जेपी नड्डा कृपया कार्रवाई करें।





### विपक्षी नेताओं ने की कार्रवाई की मांग

भाजपा सांसद बिधूड़ी की टिप्पणियों पर विपक्ष के नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए प्रधानमंत्री पर ही सवाल उठाए हैं. आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि उन्हें आश्चर्य नहीं हुआ. उन्होंने एक समाचार एजेंसी से कहा- प्रधानमंत्री के वसुधैव कुटुंबकम की सच्चाई यही है. गोडसे को देशभक्त बताने वाला सांसद कौन है, किस पार्टी का है? अगर सदन के भीतर एक सांसद के लिए ये भाषा बोली जा रही है, तो सोचिए कि सड़कों पर, गलियों में, गांवों में मुसलमानों और दलितों के खिलाफ किस तरह के बयान को वैधता दी गई है. प्रधानमंत्री जी, रमेश बिधूड़ी आपके माननीय सांसद हैं, लेकिन उनके लिए एक सख्त शब्द नहीं बोल पाए. यानी माना जाए कि आपकी मर्जी से हो रहा है. आपकी मर्जी के बगैर आपके दल में एक पत्ता नहीं हिलता, तो बिधूड़ी कैसे हिल गए? विपक्ष का कोई नेता बोले तो निलंबित करके बाहर कर दिया जाता है. सुनिए इस भाजपा सांसद को, जो सांसद दानिश अली को सदन के अंदर आतंकवादी कह रहा है. देश संविधान और संवाद से चलेगा दादागिरी से नहीं।

### *न्याय नहीं मिला तो सदन छोड़ दूंगा : दानिश*

*रमेश बिधूड़ी के अमार्यादित बोल पर बसपा के सांसद दानिश अली ने कहा है कि मैंने लोकसभा स्पीकर को चिट्ठी लिखकर मामले को प्रिविलेज कमेटी में भेजने की मांग की है। जब मेरे जैसे निर्वाचित सदस्य का यह हाल है तो सामान्य व्यक्ति का क्या हाल होगा। मुझे उम्मीद है, न्याय मिलेगा, स्पीकर जांच कराएंगे। वरना मैं भी इस संसद को छोड़ने के बारे में सोच रहा हूं क्योंकि इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।*

*इधर, बसपा सुप्रीमो मायावती ने भाजपा सांसद की टिप्पणी पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि दानिश अली के खिलाफ सदन में आपत्तिजनक टिप्पणी को स्पीकर ने रिकार्ड से हटाकर उन्हें चेतावनी भी दी है। वरिष्ठ मंत्री ने सदन में माफी मांगी है, लेकिन पार्टी ने उन पर ठोस कार्रवाई नहीं की जो दुर्भाग्यपूर्ण है।*

### बिधूड़ी के बयान पर राजनाथ तक का देनी पड़ी सफाई

रमेश बिधूड़ी के बयान पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तक को सफाई देनी पड़ी है। उनके शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया। राजनाथ ने कहा कि उन्होंने वह बात नहीं सुनी, लेकिन बिधूड़ी ने अगर ऐसा कुछ कहा है, जिससे बसपा सांसद की भावनाएं आहत हुई हैं तो मैं इस पर खेद व्यक्त करता हूं। जब रमेश बिधूड़ी ये सब बोल रहे थे, तब अध्यक्ष की आसंदी पर कोडिकुन्नील सुरेश बैठे थे। उन्होंने बिधूड़ी से बैठने को कहा, लेकिन वे चुप नहीं हुए। बिधूड़ी के इस दुर्व्यवहार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। रमेश बिधूड़ी के बोलते समय उनके पीछे बैठे भाजपा के ही सांसद और पूर्व मंत्री रविशंकर प्रसाद और हर्षवर्धन हंसते हुए नजर आए। जब लोगों ने इस बारे में सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ लिखना शुरू किया तो उन्होंने अपनी सफाई में कहा कि वे दुखी और अपमानित महसूस कर रहे हैं। कुछ लोगों ने उनका नाम घसीटा है। उन्होंने यह भी लिखा कि सदन में जो अराजकता हुई थी, उसे हम स्पष्ट रूप से नहीं सुन सके कि कौन क्या कह रहा था।

केंद्र सरकार की मंशा पर राहुल ने उठाए सवाल, कहा-

# महिला आरक्षण बिल जल्द हो लागू

**सरकार महिला आरक्षण बिल अभी से क्यों नहीं लागू करती इसमें जनगणना व परिसीमन जैसे नियम क्यों जोड़े गए : राहुल गांधी**



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद से महिला आरक्षण विधेयक पारित हो जाने के बाद भाजपा जहां इसे लेकर जश्न बना रही है, वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से कोटा में कोटा तहत ओबीसी का मामला उठाया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण अच्छी बात है और इसे आज ही लागू किया जा सकता है। लेकिन भाजपा सरकार की मंशा सही नहीं है और वह जनगणना व परिसीमन के बहाने इसे लागू नहीं कर रही है। उन्होंने महिला आरक्षण से लेकर ओबीसी अधिकारियों तक का मुद्दा उठाया।

राहुल गांधी ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पारित हो गया लेकिन इसमें दो बातें सरकार की मंशा पर सवाल खड़ी करती हैं। जिसमें पहली जनगणना और दूसरा परिसीमन है। इन दोनों को पूरा करने में कई साल लग जाएंगे। महिला आरक्षण को आज ही लागू किया जा सकता है,लेकिन सरकार इसे लागू नहीं करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि इस कानून को लागू करने में कम से कम 10 साल लगेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा को जनगणना और परिसीमन की बात हटाकर पहले महिलाओं को भागीदारी देनी चाहिए।

### जातीय जनगणना से ध्यान हटाना चाहती है सरकार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार द्वारा लाए गए महिला आरक्षण विधेयक की कमियां गिनाई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जातीय जनगणना से ध्यान हटाना चाहती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जनगणना को लेकर यूपीए सरकार ने डेटा निकाला था, उसे सार्वजनिक किया जाय और पता चल जाएगा कि ओबीसी की आबादी कितनी है। इसके अलावा नई जनगणना जाति के आधार पर कराने की भी मांग की।

### ओबीसी समुदाय को भी करें शामिल

कांग्रेस नेता ने भारत सरकार में सचिव स्तर के ओबीसी अधिकारियों का भी मामला उठाया और कहा कि केंद्र में तैनात 90 सचिवों में से ओबीसी समुदाय से सिर्फ तीन सचिव ही क्यों शामिल हैं। ओबीसी अधिकारी हिंदुस्तान के 5 फीसदी बजट पर ही नियंत्रण रखते हैं। प्रधानमंत्री हर रोज ओबीसी की बात करते हैं, लेकिन सवाल है कि उन्होंने ओबीसी समुदाय के लिए किया क्या है। राहुल ने कहा कि उन्होंने सवाल किया कि क्या हिंदुस्तान में ओबीसी की आबादी महज पांच फीसदी ही है। अगर नहीं तो ओबीसी भारत में जिस अनुपात में हैं,उसी अनुपात में उन्हें भागीदारी मिलनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने किया राज्य स्तरीय रोजगार दिवस का शुभारंभ, कहा-

# उद्योगों का केन्द्र बनने जा रहा उज्जैन



- 71 हजार से ज्यादा को मिलेगा रोजगार, 3 लाख जुड़ेंगे स्वरोजगार से
- 15 एमएसएमई क्लस्टर व 307 इकाईयों का हुआ भूमिपूजन
- 1708 इकाईयों का हुआ लोकार्पण
- जल्द होगा उज्जैन में मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन

**भोपाल, देशबन्धु।** अध्यात्म का केंद्र उज्जैन अब उद्योगों का केंद्र भी बनने जा रहा है। उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी में एक के बाद एक उद्योग स्थापित हो रहे हैं, जिससे पूरी अर्थ व्यवस्था ही बदल गई है। होटल, रेस्टोरेंट, प्रसादी और पूजन सामग्री आदि की मांग निरंतर बढ़ रही है। आय के नए स्रोत विकसित हो रहे हैं। उज्जैन में 3 हजार करोड़ रुपया अतिरिक्त आने वाला है। जिससे 71 हजार से ज्यादा को रोजगार मिलेगा और करीब 3 लाख युवा स्वरोजगार से जुड़ेंगे। यह बात आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य स्तरीय रोजगार मेले का शुभारंभ करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि उज्जैन विकास के पथ पर बढ़ गया है, यह शहर वैभव से सम्पन्न होगा। बड़ी संख्या में काम-धंधे आरंभ होंगे। मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन भी जल्दी होगा। श्री चौहान ने कहा कि उज्जैन धर्म, आराधना और तपस्या का बड़ा केंद्र है, उज्जैन में विकास के काम निरंतर जारी रहेगा, यहां महाकाल महालोक के दूसरे चरण का लोकार्पण भी होगा।

श्री चौहान ने रोजगार दिवस पर 15 एमएसएमई क्लस्टर का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि इन क्लस्टरों में 1 हजार 937 करोड़ निवेश से 552 इकाईयों की स्थापना से लगभग 28 हजार से ज्यादा को रोजगार मिल सकेगा। जबकि 932 करोड़ 22 लाख निवेश वाली 1708 इकाईयों से करीब 16 हजार से ज्यादा को रोजगार मिलेगा। साथ ही प्रदेश की 307 औद्योगिक इकाईयों का भूमिपूजन भी किया गया, 556 करोड़ से ज्यादा के निवेश वाली इन इकाईयों से 6 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार प्राप्त हो सकेगा। वहीं श्री चौहान ने 554 करोड़ से ज्यादा की लागत के 9 नवीन विकास कार्यों का भूमि पूजन तथा 159 करोड़ 99 लाख से होने वाले 7 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसके तहत महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध प्रबंधन समिति के 5 सौ करोड़ की लागत से बनने वाले भक्त निवास और 17 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले सुविधा केन्द्र का भूमिपूजन शामिल है। इसके अलावा भूमिपूजन कार्यक्रम के तहत ग्राम नीमनवासा में 1.33 हेक्टर क्षेत्रफल में विकसित होने वाले प्लास्टिक क्लस्टर तथा खाचरोद तहसील स्थित औद्योगिक क्षेत्र फर्ना खेड़ी में 58 इकाइयों का भूमिपूजन तथा 10 करोड़ लागत की सीपी पेंटस, 50 करोड़ की श्री पैकर्स प्रा.लि और 45 करोड़ की आरिबा फूडस प्रा. लि. का लोकार्पण भी किया गया, जिनमें करीब 4 सौ लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा मेघदूत पार्किंग और संभागीय आईटीआई का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने अत्याधुनिक सुविधायुक्त श्री महाकालेश्वर मंदिर भक्त निवास के नाम और लोगो का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में भक्त निवास और सुविधा केन्द्र पर केन्द्रित 2 लघु फिल्में भी दिखाई गईं।

इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, सूक्ष्म, लघु मध्यम उद्यम मंत्री ओम प्रकाश सखलेचा, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक बहादुर सिंह, महापौर मुकेश टटवाल, पूर्व मंत्री पारस जैन तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# एनडीए में शामिल हुई जनता दल एस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इसके बाद जनता दल (सेक्युलर) के औपचारिक रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने का एलान किया। बैठक के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गोवा के सीएम प्रमोद सावंत भी मौजूद रहे। नड्डा ने कहा मुझे खुशी है कि जेडीएस ने एनडीए का हिस्सा बनने का फैसला किया है। हम एनडीए में उनका तहे दिल से स्वागत करते हैं। इससे एनडीए और प्रधानमंत्री के विजन 'न्यू इंडिया, स्ट्रॉन्ग इंडिया' को और मजबूती मिलेगी।

### हमारी ओर से कोई मांग नहीं : कुमारस्वामी

दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद कुमारस्वामी ने कहा, आज हमने औपचारिक रूप से भाजपा के साथ आने के बारे में चर्चा की। हमने औपचारिक रूप से कुछ मसलों पर बात की है। हमारी ओर से कोई मांग नहीं है। इसके पहले कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने आठ सितम्बर को बताया कि जेडीएस लोकसभा चुनाव भाजपा के साथ मिलकर लड़ेगी। उन्होंने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह (जेडीएस) को लोकसभा की 4 सीटें देने पर सहमत हो गए हैं। हालांकि, पहले जेडीएस कर्नाटक की 28 सीटों में से पांच सीटें मांग रही थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा ने इसके पहले अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इसमें दोनों पार्टियों के साथ आने पर सहमति बनी थी। जेडीएस कर्नाटक की मांड्या, हासन, बेंगलुरु (ग्रामीण) और चिकबल्लापुर सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है। अभी यह पता नहीं चला है कि भाजपा जेडीएस को कौन सी सीटें देने पर राजी हुई है।




# 9 करोड़ की लागत से रीठौर औद्योगिक क्षेत्र अधोसंरचना विकास की रखी आधारशिला

## मंत्री भूपेंद्र सिंह ने 942 नये पीएम आवास स्वीकृति पत्र बांटे, 1.67 करोड़ की किश्त भेजीं



**खुरई, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने निर्तला में रीठौर रोड पर दस एकड़ भूमि पर 881 करोड़ की लागत से औद्योगिक क्षेत्र की अधोसंरचना विकास कार्य का शिलान्यास किया। महाकाली शेड में आयोजित समारोह में पीएम आवास के 942 नये हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए, 1.67 करोड़ रुपए की पीएम आवास किश्त खातों में भेजी और 40 लाख की लागत से निर्मित संजीवनी क्लीनिक का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि बीना रिफाइनरी के पेट्रोकेमिकल्स कांप्लेक्स में विस्तार को देखते हुए खुरई में औद्योगिक क्षेत्रों के त्वरित विकास की आवश्यकता है। इस आवश्यकता को देखते हुए शासन से 8.81 करोड़ रुपए से रीठौर रोड पर स्थित 10 एकड़ भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र का भूमिपूजन आज किया गया है। स्वीकृत राशि में से 5 करोड़ की पहली किश्त आवंटित भी हो चुकी है। इस नये औद्योगिक क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी आदि की व्यवस्था विकसित करके 35 उद्योग इकाइयों के लिए 5200 वर्गफुट के प्लाट रियायती दरों पर आवंटित किए जाएंगे। इन इकाइयों में 3500 रोजगार सृजित होंगे। युवाओं को रोजगार के अलावा लोन लेकर खुद की औद्योगिक इकाई स्थापित करने के लिए रियायती दरों पर प्लाट दिए जाएंगे। यहां स्थापित होने वाले उद्योगों को विभागीय एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2021 के तहत 40 से 48 प्रतिशत अनुदान की पात्रता होगी। अब 50 से 100 एकड़ भूमि आवंटित करके बड़े औद्योगिक कांप्लेक्स की स्थापना भी खुरई में होगी।

मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि उद्योगपतियों के लिए एयर कनेक्टिविटी भी आवश्यक होती है जिसके लिए वे खुरई में ही हवाई पट्टी की जगह देखकर इसकी भी सुविधा उपलब्ध कराएंगे। शिलान्यास समारोह में उपस्थित उद्योग विभाग की महाप्रबंधक मंदाकिनी पांडे ने कहा कि मैंने अपने पूरे सेवाकाल में इतनी तेज गति से किसी औद्योगिक क्षेत्र का विकास नहीं देखा जैसा कि इस औद्योगिक क्षेत्र का हो रहा है। आज रोजगार दिवस भी था इस अवसर पर मंत्री भूपेंद्र सिंह ने ग्रामीण आजीविका मिशन की राशि के चेक, स्वसहायता समूहों को राशि आवंटन के चेक और विभिन्न व्यवसायों के लिए बैंकों द्वारा स्वीकृत लोन सार्टिफिकेट भी हितग्राहियों को वितरित किए। महाकाली शेड पर मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि 942 नये पीएम आवास हितग्राहियों के खातों में एक हफ्ते के भीतर आवास की किश्त राशि पहुंच जाएगी। इसके साथ ही खुरई नगर पालिका क्षेत्र में कुल निर्मित और स्वीकृत पीएम आवासों की संख्या 12 हजार हो जाएगी। खुरई के जगदीशपुरा स्थित 10 एकड़ भूमि में सुराज आवासीय कालोनी की स्वीकृति भी हो गई है, अगले हफ्ते इसका भूमिपूजन होकर निर्माण शुरू हो जाएगा। इसमें तीन बेड, किचन, लेटबाथ युक्त फ्लैट गरीबों को आवंटित किए जाएंगे। जिनके भू स्वामित्व योजना के आवासीय पट्टे मिलना रह गये हैं उनकी प्रक्रिया भी तेजी से पूर्ण हो रही है और वितरण शीघ्र हो जाएगा। डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड में 40 लाख की लागत से संजीवनी क्लीनिक का शुभारंभ करते हुए मंत्री श्री सिंह ने कहा कि खुरई का सिविल अस्पताल अब 150 बिस्तर का, जिले के सबसे बड़े ब्लड बैंक, चिकित्सा सुविधाओं से लैस हो चुका है। अगले चरण में इसकी 300 बिस्तरों के अस्पताल के साथ मेडीकल कॉलेज की स्वीकृति भी आएगी यह हमारा संकल्प है।

# मंत्री गोपाल भार्गव ने कई विकास कार्यों का किया भूमि पूजन



**सागर, देशबन्धु।** रहली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैदवारा के ग्राम कैलवास में 320 लाख रुपए की लागत से बेदवारा, बरिया टोला केलवास मार्ग एवं 97 लाख रुपए से मैनाई से खैरी टोला मार्ग एवं 99 लाख रुपए की लागत से तिर्सी से ग्वारी दरारिया मार्ग का शिलान्यास एवं भूमिपूजन मंत्री गोपाल भार्गव ने किया, आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि आज मैं जनता के आशीर्वाद की बदौलत लगातार विधायक और मंत्री हूं। लेकिन ये गोपाल भार्गव की ताकत है कि आपको अपने कार्य के लिए भोपाल मंत्रालय जाने की जरूरत नहीं पड़ती, गढ़ाकोटा से ही लोगों के काम हो जाते है। पुराने दिन को याद करते हुए कहा कि एक समय था जब लोग एक टाइम खाना खाकर भूखे पेट सोते थे। स्कूल में बच्चों को पढ़ाने शिक्षक की भर्ती नहीं होती थी, आने जाने के लिए सड़कों को अभाव रहता था, बिजली केवल देखने मिलती थी। लेकिन आज प्रदेश का नजारा ही बदल गया है। चारों ओर उच्च कोटि की सड़कें, आलीशान भवन, खेल मैदान, स्वास्थ्य भवन, ब्रिज निर्माण, सामुदायिक भवन सहित आम जनता से जुड़े योजनाओं को भरपूर लाभ मिल रहा है। लाड़ली बहिनों को नगद रुपए, किसान सम्मान निधि, पेंशन, संबल योजना का लाभ, कृषि उपकरण, युवाओं को स्किल डेवलपमेंट, प्रदेश की सरकार ने करके दिखाया है। कार्यक्रम का संचालन विक्की जैन ने किया। आभार एसडीओ साहित्य तिवारी ने जताया।

## भाजपा जिला चुनाव अभियान समिति की बैठक संपन्न

**सागर, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव की दृष्टि से भाजपा द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गईं हैं जिसके अंतर्गत संभागीय भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया की अध्यक्षता में भाजपा चुनाव अभियान समिति की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई, बैठक में जिला चुनाव अभियान समिति के प्रभारी जाहर सिंह उपस्थित रहें। आगामी चुनाव की दृष्टि से विंदुवार विस्तार पूर्वक चर्चा की गई साथ ही चुनावी के दौरान सभी कार्यों व कार्यक्रमों के सफलता पूर्वक संपादित एवं संचालन हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए।

**जिला अध्यक्ष का स्वागत हुआ**

चुनाव अभियान समिति की बैठक के पूर्व भाजपा द्वारा मप्र में निकाली जा रही जन आशीर्वाद यात्रा के सागर में सफलता पूर्वक भव्य रूप से संपन्न होने पर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया का भव्य स्वागत कर बधाई दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गौरव सारोठिया ने कहा कि मैं जिले की सभी जनप्रतिनिधियों पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का ह्रदय पूर्वक आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिनके सहयोग एवं परिश्रम के कारण सागर जिले में जन आशीर्वाद यात्रा भव्य एवं सफलतम रूप से संपन्न हुई।

### लव या जिहाद विषय पर गोष्ठी का आयोजन

# बेटियों को षड्यंत्र से बचाने की जरूरत : काजल हिन्दुस्तानी



**सागर, देशबन्धु।** रविन्द्र भवन में लव या जिहाद विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह गोष्ठी प्रदेश की सनातन थॉट्स संस्था द्वारा आयोजित की गई। जिसमें देश की जानी मानी वक्ता काजल हिन्दुस्तानी मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुईं। काजल हिन्दुस्तानी ने गोष्ठी में सागर की 600 से अधिक नवयुवतियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में सागर की प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ. शशि ठाकुर अध्यक्ष के रूप में सम्मिलित हुईं। काजल हिन्दुस्तानी के संबोधन का उत्साह इस तरह रहा कि कार्यक्रम के दौरान कई बार सभागार तालियों से गूंजता रहा। युवतियों को संबोधित करते हुए काजल हिन्दुस्तानी ने कहा कि लव.जिहाद एक बड़ा षड्यंत्र है जिसमें हिन्दू बेटियों को फंसाया जाता है। इन बेटियों के साथ पहले प्रेम का झूठा खेल खेला जाता है फिर उन्हें लव जिहाद के जाल में फंसाकर मौत के घाट उतार दिया जाता है। हमारी बेटियों को इस षड्यंत्र से बचाने की जरूरत है। इसलिए इस तरह के विषय पर खुलकर संवाद होना आवश्यक है। मैं बधाई देना चाहती हूं सनातन थॉट्स संस्था को जिन्होंने लव या जिहाद जैसे विषय पर गोष्ठी का आयोजन कर सत्य का साक्षात्कार कराया। डॉ. शशि ठाकुर ने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय इतिहास हमारी बेटियों और महिलाओं के शौर्य, वीरता और पराक्रम के किस्सों से भरा पड़ा है। चाहे विचार भूमि हो या युद्ध भूमि हर ओर महिलाओं ने अपनी क्षमता से समाज व देश को समय-समय पर गौरवान्वित किया है। इसलिये ऐसी महिलाएं ही हमारी आदर्श होनी चाहिये। भारत की बेटियों को गार्गी, मैत्रेयी, महारानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती जैसे बनने की जरूरत है।

## सार-समाचार

### आरती सजाओ एवं आरती नृत्य प्रतियोगिता का रंगारंग आयोजन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** भारतीय जैन संघटना चैप्टर द्वारा श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर मकरोनिया में आरती सजाओ एवं आरती नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में कुंडलपुर के बड़े बाबा एवं आचार्य श्री का चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन बीजेएस जिलाध्यक्ष मनोज जैन लालो, ट्रस्ट अध्यक्ष अशोक जैन पटवारी, प्रो. एसी जैन, डॉ. राकेश जैन, सुकमाल जैन, संजय दिवाकर, मकरोनिया चैप्टर अध्यक्ष कमलेश चौधरी, डीके जैन आदि ने किया। मकरोनिया चैप्टर कार्यकारी अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि 19 आरतिया बहुत आकर्षक रूप से सजाई गई थी, जिसमें प्रथम सपना जैन मालथौन, द्वितीय दिव्या जैन एवं रिचा जैन, तृतीय पुरस्कार आकांक्षा जैन ने प्राप्त किए। आरती नृत्य प्रतियोगिता में भक्तिमय आरती नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम मुस्कान जैन, द्वितीय अनुष्का जैन, तृतीय स्थान श्रेया जैन ने प्राप्त किया। पुरस्कार वीरेंद्र प्रधान, वीरेंद्र जैन एवं अरुण जैन के सौजन्य से प्राप्त हुए। कार्यक्रम का संचालन चैप्टर सचिव सुमत जैन एवं अरविंद जैन ने किया। चैप्टर पूर्व कोषाध्यक्ष शांत कुमार जैन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### अमृत कलश यात्रा चंद्रशेखर, वल्लभनगर, इतवारी और गांधी चौक वार्ड में पहुंची



**सागर, देशबन्धु।** महापौर संगीता तिवारी एवं निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत 12 से 27 सितंबर तक नगर के समस्त वाड़ों में निकाली जा रही अमृत कलश यात्रा सातवे दिन चंद्रशेखर वार्ड पहुंची जहां वार्ड पार्षद मेघा दुबे ने बड़ी संख्या में महिलाओं और नागरिकों के साथ यात्रा की अगवानी की और हाथ में अमृत कलश लेकर मिट्टी और चावल का संग्रह कराया और नागरिकों को पंचप्रण की शपथ दिलाई। उसके पश्चात यात्रा वल्लभनगर वार्ड पहुंची जहां बडी माता मंदिर के सामने वार्ड पार्षद रश्मि धानक ने महिलाओ और नागरिकों के साथ पच प्रण की शपथ ली और मिट्टी चावल का एकत्रीकरण कराया। तत्पश्चात यात्रा इतवारी वार्ड से होती हुई गांधी चौक वार्ड पहुंची जहां वार्ड पार्षद पूजा सोनी ने महिलाओं के साथ मिट्टी का एकत्रीकरण कराया और अमर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए पचप्रण की शपथ ली। इस अवसर पर यात्रा के नोडल अधिकारी विजय दुबे, सहायक नोडल अधिकारी बृजेश तिवारी संबंधित वार्ड की उपयत्री सृष्टि चौबे सहित वार्ड के नागरिक और कर संग्राहक उपस्थित थे।

### जन आक्रोश यात्रा 27 को सागर में प्रवेश करेगी

**सागर, देशबन्धु।** मप्र की भाजपा शासित शिवराज सरकार के घोटाले के खिलाफ समूचे मप्र की 230 विधानसभा में जन आक्रोश यात्रा निकाली जा रही है। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं उपाध्यक्ष आशीष ज्योतिषी ने बताया कि बुंदेलखंड क्षेत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव के नेतृत्व में जन आक्रोश यात्रा 27 सितंबर को सागर नगर में प्रवेश करेगी। यात्रा को सफल बनाने एवं जन-जन तक भाजपा के कुशासन का संदेश पहुंचाना इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। इसी तारतम्य में जिला शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी एवं वरिष्ठ जनों की आवश्यक बैठक आज कांग्रेस कार्यालय में शाम 4 बजे आयोजित की गई है, जिसमें समस्त कांग्रेस जन आमंत्रित हैं।

# शिवसैनिकों ने गणेश प्रतिमा को लेकर विवि प्रशासन के खिलाफ दिया ज्ञापन



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. सर हरीसिंह गौर विवि छात्रावास में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा हटाये जाने व पुराने स्टैट बैंक के सामने बने प्राचीन हनुमान मंदिर को नगर पालिका मकरोनिया द्वारा हटाए जाने से आक्रोशित शिवसैनिकों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए एएसपी संजीव कुमार को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में उल्लेख है कि विश्वविद्यालय प्रशासन गत कई दिनों से हिन्दू धार्मिक भावना, आहत कर सनातन धर्म व संस्कृति का मजाक उडा रहा है।

हाल ही में विश्वविद्यालय छात्रावास में प्रतिवर्ष रखी जाने वाली श्री गणेश की प्रतिमा को छात्रावास से हटाने की घटना को अंजाम देने वाला विवि प्रशासन इसके पूर्व श्रीराम नवमी पर जब समूचे देश में राष्ट्रीय अवकाश घोषित था तब विश्वविद्यालय में रामनवमी की छुट्टिया रद्द कर दी थी। साथ ही विश्वविद्यालय की कक्षाओं में नमाज पढने जैसी घटनाओं को प्रशासन ने संरक्षण देकर डॉ. सर हरीसिंह गौर के विश्वविद्यालय की गरिमा को खंण्डित करने का प्रयास कर धार्मिक सौहार्द बिगाडने का कार्य किया। शिवसेना जिला प्रमुख दीपक लोधी ने कहा कि कि स्टैट बैंक के सामने वार्ड नं. 7 में बना वर्षों पुराना प्राचीन हनुमान मंदिर को नगर पालिका मकरोनिया ने क्षतिग्रस्त कर हिन्दू भावनाओं को आहत किया है। दोषी अधिकारियों पर सामाजिक सौहार्द बिगाडने का अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए। शिवसेना उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने विश्वविद्यालय प्रशासन के तानाशाही सनातन धर्म विरोधी रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि डॉ. गौर ने विश्वविद्यालय की स्थापना सामाजिक सौहार्द को बिगाडने के लिए नहीं की थी। लेकिन वर्तमान में विश्वविद्यालय प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी आए दिन तुगलकशाही आदेश जारी कर सनातन धर्म संस्कृति पर प्रहार कर रहे है। उन्होनें गणेश प्रतिमा को हटाने वाले दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की। शिवसैनिकों की रैली कालीचरण चौराहे से प्रारंभ हुई जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन के रूप में परिवर्तित हुई। ज्ञापन सौपने वालों में हरवंश गिरी गोस्वामी, महादेव प्रसाद दुबे, हेमराज आलू, विकास यादव, सचिन जैन, शुभम संसिया, शंशाक रावत सहित अनेक शिवसैनिक उपस्थित थे।

# कबीर सद्भावना यात्रा कल से शुरू होगी



**सागर, देशबन्धु।** सद्गुरू कबीर आश्रम के प्रमुख महंत आचार्य कबीरदर्शनाचार्य रामजीवनदास शास्त्री साहेब के पावन सानिध्य एवं मार्गदर्शन में कल 24 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सद्गुरु कबीर सद्भावना यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें सागर सहित 4 राज्यों के लगभग दो सौ से अधिक भक्तजन शामिल हो रहे हैं। यह सद्भावना यात्रा सद्गुरू कबीर धाम आचार्यपीठ सागर से प्रारंभ होकर सद्गुरू कबीर आश्रम मउसहानियां चित्रकूट, प्रयाग, बढैया, वाराणसी, गाजीपुर, मगहर, गोरखपुर, अयोध्या, भरखरी आदि आश्रमों में रूकते हुए पुन: 2 अक्टूबर को कबीर धाम सागर में सम्पन्न होगी। यह सद्भावना यात्रा सद्गुरू कबीर साहेब के पावन मानवहित संदेशों को भजन, कीर्तन, सत्संग सत् साहित्य वितरण आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुए अनेक तीर्थ, आश्रमों में जायेगी। इस यात्रा से कबीर पंथ एवं मानव समाज में एकता, समता, समरसता, प्रेम और भाईचारे का तथा सद्भावना का माहौल निर्मित होगा। साथ ही कोरोना काल में सद्गुरू कबीर धाम से प्रकाशित प्रमाणिक विशिष्ट ग्रंथ सद्गुरू कबीर दर्शन को 14 करोड़ कबीर पंथियों की ओर से सवा सौ करोड़ देश वासियों के नाम पर सभी विश्वविद्यालयों, कालेजों, ग्रंथालयों में तथा शासन की कड़ी से जुड़े प्रमुख जन प्रतिनिधियों, विद्वानों को भेंट स्वरूप प्रदान किया जायेगा। इस सद्भावना यात्रा का भव्य स्वागत सम्मान किया जायेगा। उक्त यात्रा की जानकारी सद्गुरू कबीर धाम सागर के सभी ट्रस्टियों एवं संस्था के मीडिया प्रभारी आशीष ठाकुर के द्वारा दी गई।

### प्रो. खान का शोध पत्र पत्रिका 'नेचर' में प्रकाशित

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरिसिंह गौर विवि के वनस्पति विज्ञान विभाग के वरिष्ठ प्रो. और पर्यावरण विज्ञान विभाग के समन्वयक प्रो. एमएल खान ने आक्रामी जाति की समस्या के विरुद्ध मूल वनस्पतियों की विविधता का प्रतिरोध विषय पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की अत्यधिक प्रतिष्ठित शोध पत्रिका, नेचर में विश्व स्तर के शोधकर्ताओं के साथ शोध पत्र प्रकाशित किया है। इस शोध पत्र में बताया गया है कि पेड़ों के आक्रमण को अपेक्षाकृत नजर अंदाज कर दिया गया है, भले ही उनमें पारिस्थितिकी तंत्र और अर्थव्यवस्थाओं को बदलने की क्षमता हो। पौधों के आक्रमण का दुनिया भर के पारिस्थितिक तंत्र और मानव कल्याण पर बहुमुखी प्रभाव पड़ता है। मानव सहायता से लाए गए और इन प्रजातियों के प्राकृतिकीकरण के कारण आने वाले दशकों में पौधों का आक्रमण बढ़ता रहेगा, जिससे वन पारिस्थितिकी तंत्र के जैव विविधता पर प्रभाव लगातार बढ़ता रहेगा। प्रो. खान को अभी हाल ही में राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित भी किया जा चुका है।

# नगर पालिका ने मनाया मकरोनिया गौरव दिवस

### मशहूर बॉलीवुड भजन गायिका तृप्ति शाक्य ने दी भजनों की प्रस्तुति



**मकरोनिया, देशबन्धु।** आज के दिन पांच पंचायतों को मिलाकर मकरोनिया नगर पालिका गठित की गई थी जिसके उपलक्ष्य में मकरोनिया नगर पालिका द्वारा रजाखेडी हाट बाजार में आयोजित कार्यक्रम मकरोनिया गौरव दिवस विधायक प्रदीप लारिया के मुख्य आतिथ्य में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार ने की विशिष्ट अतिथि मीनाक्षी विजय गौतम रही। कार्यक्रम में मुम्बई की मशहूर बॉलीवुड भजन गायिका तृप्ति शाक्य एवं उनके साथ आये अन्य कलाकारों ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। कलाकार तृप्ति शाक्य ने सत्यम शिवम सुन्दरम के भजन पर दर्शकों की खूब तालिया बटौरी। उनके मंच पर आगमन पर विधायक लारिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीता कैलाशिया, नपा मकरोनिया अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार और पार्षदों ने गुलदस्ता भेंट कर तृप्ति शाक्य का स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक प्रदीप लारिया, अध्यक्ष मिहीलाल द्वारा पत्रकारों, समाजसेवियों, कोरोना काल में ड्यूटि में रहने वाले डॉक्टरों, कवियों, मकरोनिया क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों के पंडित पुजारियों, अखाडों के उस्तादों और समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं कों प्रशस्ति पत्र और शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गुलझारीलाल जैन, कपिल कुशवाहा, श्यामसुन्दर मिश्रा, बलवंत सिंह ठाकुर, नरेन्द्र ठाकुर, महेन्द्र सिंह ठाकुर, निशांत आठिया, राजा रिछारिया, पत्रकारगण एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या जन समूह उपस्थित रहा। नगर पालिका के स्थापना दिवस मकरोनिया नगर में कराये गये विकास कार्यों का प्रजेंटेशन भी दिखाया गया। कार्यक्रम का संचालन अरविन्द जैन ने किया। व्यवस्था में मकरोनिया थाना पुलिस, महिला पुलिस, होमगार्ड सैनिक, नगर पालिका अधिकारी और कर्मचारियों, प्लेसमेंट कर्मचारियों का सराहनीय कार्य रहा।

### प्रो. मिश्र बने तीसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के सीनियर प्रोफेसर और रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. एपी मिश्र रसायन शास्त्र की प्रतिष्ठित संस्था एइंडियन काउन्सिल आफ कैमिस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित हुये हैं। प्रो. मिश्र को इस राष्ट्रीय अकादमिक व शोध संस्था का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष होने का यह गौरव लागातार तीसरी बार प्राप्त हुआ है। पूर्व में प्रो. मिश्र देश की विज्ञान की प्रमुख संस्था इंडियन साइंस कांग्रेस एशोसियेशन के सैक्शनल प्रेसीडेंट भी रह चुके हैं। प्रो. मिश्र की यह उपलब्धि विवि के लिये गौरव की बात है। उनकी इस उपलब्धि पर प्रो. आरएन यादव, प्रो. अर्चना पाण्डे, प्रो. विजय वर्मा, प्रो. रत्नेश दास, डॉ. विवेक तिवारी, प्रो. पीपी सिंह, डॉ. अभिलाषा, डॉ. ऋतु यादव, डॉ. कल्पतरू दास समेत विवि के अनेक शिक्षकों, अधिकारियों और शोध छात्रों नें बधाईयां और शुभकामनायें दी।

### जिला अधिकारी 26 को बीना के पूर्व सैनिकों से करेंगे मुलाकात

**सागर, देशबन्धु।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन नौसेना यूपीएस भदौरिया 26 सितंबर को बीना जाएंगे। वे 26 सितंबर को प्रात: 11.30 बजे तहसील कार्यालय बीना में पूर्व सैनिक, आश्रितों से भेंट करेंगे। बीना निवासरत सभी पूर्व सेनिकों से कार्यालय में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# काम किया है काम करेंगे, जन-जन का सम्मान करेंगे : राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** मैंने और मेरे पूरे परिवार ने कभी भी जातिगत राजनीति नहीं की है। सभी समाज हमारे लिए समान हैं। यह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि सुरखी विधानसभा का पारिवारिक मिलन समारोह है।

जिसमें मुझे आपका सम्मान करना था। चुनाव तो होते रहते हैं। आप सभी से तो दिल का संबंध है। पूरे सुरखी विधानसभा में मैंने विकास कार्यों को लेकर कोई भी कसर नहीं छोड़ी। मेरा एक ही उद्देश्य है कि काम किया है काम करेंगे, जन-जन का सम्मान करेंगे यह बात मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अनुसूचित जाति वर्ग के सम्मेलन के दौरान कही। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने बुजुर्गों को प्रणाम करते हुए कहा कि यह एक ऐसी समाज है, जिनके संत रविदास ने सामाजिक समरसता के तहत सभी समाजों को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है।

नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने कहा कि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और उनका पूरा परिवार सुरखी विधानसभा के सभी समाजों के उत्थान और सहयोग के लिए काम करता है। फिर चाहे सुख हो या दुख, उनके परिवार को कोई न कोई सदस्य आपके साथ खड़ा रहता है। ऐसे परिवार को हमें नहीं भूलना चाहिए। भाजपा नेता संतोष रोहित ने कहा कि सम्मान का एक भाव होता है, जो राजपूत परिवार द्वारा दिया जा रहा है। अगर यह भाव नहीं होता तो आप भी इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित नहीं होते। पूर्व विधायक सोना बाई अहिरवार ने कहा कि सागर से मेरा पुराना नाता रहता है।

यहां मेरा मायका है, पथरिया में तो ससुराल है। इस नाते मैं पहले यहां की बेटी हूं। जब मैं 2003 में दूसरे दल से विधायक थी और गोविंद भैया दूसरे दल से थे। उस समय भी गोविंद भैया ने मेरा पूरा सहयोग किया। वे जातिगत राजनीति पर विश्वास नहीं करते, बल्कि सभी समाजों को साथ लेकर चलते हैं। कार्यक्रम में सुरखी विधानसभा के बिलहरा और सुरखी मंडल के समाजजन और माते-मुखिया समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सार समाचार

### अस्पताल में भर्राशाई ,मरीज परेशान



**महाराजपुर, देशबन्धु।** नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की लापरवाही से मरीजों को परेशानी हो रही है, जिसके चलते नगर के युवाओं ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था में सुधार कराने की मांग की है। दरअसल शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्र का एक मरीज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा था लेकिन डॉक्टर और स्टाफ की लापरवाही से उसे इलाज नहीं मिल सका। बताया गया है कि उस वक्त अस्पताल का स्टाफ मोबाइल पर लूडो गेम खेलने में मस्त था। जब यह जानकारी नगर के नीलू, कमलेश, यूनुस अली, हुसैन मंसूरी, रोहित खटीक आदि को मिली तो उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की मांग करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यह शिकायत भी की गई है कि अस्पताल का स्टाफ मरीजों को एक्सपायरी डेट की दवा दे रहा है। तहसीलदार ने जल्द सुधार कराने का आश्वासन दिया है।

### बापू की प्रतिमा के सामने पटवारी बैठे भूख हड़ताल पर



**छतरपुर, देशबन्धु।** पिछले करीब एक माह से जिले के पटवारी वर्षों से लंबित अपनी मांग को पूरा कराने के लिए हड़ताल कर रहे हैं। लगभग एक माह में जब सरकार की ओर से कोई पहल नहीं हुई तो अब पटवारियों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। शुक्रवार को शहर के गांधी आश्रम में बापू की प्रतिमा के सामने भूख हड़ताल शुरू की गई है। पटवारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी।

मध्यप्रदेश पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष रामनारायण तिवारी ने बताया कि वर्ष 2008 से लंबित 2800 ग्रेड-पे की मांग को लेकर संघ के प्रांतीय आवाहन पर जिले के पटवारियों ने 28 अगस्त से हड़ताल शुरू की थी लेकिन अभी तक सरकार ने उन पर ध्यान नहीं दिया है जिसके चलते अब भूख हड़ताल शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि प्रशासन से पंडाल लगाकर भूख हड़ताल करने की अनुमति मांगी गई थी लेकिन प्रशासन ने अनुमति नहीं दी इसलिए पटवारी गांधी आश्रम में बापू की प्रतिमा के सामने भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उन्होंने बताया कि जिले के अलग-अलग इलाकों के पटवारी प्रतिदिन यहां आकर भूख हड़ताल करेंगे और जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि लगभग एक माह से चल रही पटवारियों की हड़ताल के कारण आम जनता के साथ-साथ जिले के किसान भारी परेशान हैं।

### विधायक के प्रयासों से मिली स्वीकृति, मुख्यमंत्री का जताया आभार



**बिजावर में तैयार होगा आईटीआई कैंपस**

**बिजावर, देशबन्धु।** शिक्षा के क्षेत्र में बिजावर विधानसभा को विकसित बनाने के लिए संकल्पित विधायक राजेश शुक्ला बबलू के प्रयासों से विधानसभा को एक और बड़ी सौगात मिली है। दरअसल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी घोषणा के अनुरूप बिजावर में आईटीआई कैंपस तैयार कराने के लिए राज्य सरकार की ओर से स्वीकृति दे दी है। यह आईटीआई कैंपस 15.81 करोड़ की लागत से बिजावर में तैयार होगा।

विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने बताया कि ज्ञान, कौशल एवं संस्कार, यह तीन स्वरूपों में शिक्षा के प्रकाश का अधिकतम विस्तार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप रोजगार मूलक शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार कौशल विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। इसी कड़ी में बिजावर में आईटीआई की स्थापना और संचालन कौशल विकास के लिए नींव के पत्थर के समान है। विधायक श्री शुक्ला ने बताया कि उनकी मांग पर पूर्व में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिजावर में नवीन आईटीआई खोलने की घोषणा की थी, और इसी घोषणा के अनुरूप राज्य सरकार ने बिजावर में 15.81 करोड़ रुपए की लागत से नवीन आईटीआई की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि इस नवीन आईटीआई में 6 ट्रेड्स के लिए वर्कशॉप, 60-60 सीटर बालक-बालिका छात्रावास एवं ट्रेड्स हेतु आवश्यक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि बिजावर में आईटीआई प्रारंभ होने से क्षेत्र के युवाओं की बड़ी मांग पूरी होगी और उन्हें कौशल के बल पर रोजगार एवं स्व-रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। विधायक श्री शुक्ला ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है।

# ग्राम पंचायतों में अधूरे पड़े निर्माण कार्य



**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** ग्राम पंचायतों में अधूरे पड़े निमार्ण कार्यों को पूरा करने के लिए पूरी कोशिश कर रहा है। वही कुछ ग्राम पंचायतों में लाखो रुपए के निर्माण कार्य आज भी अधूरे पड़े हुए है। मामला बड़ामलहरा जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत लिधौरा का है। जहां 5 वर्ष पहले स्वीकृत आंगनवाड़ी भवन ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच, सचिव की लापरवाही के चलते अधूरा पड़ा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत लिधौरा में 7 लाख 80 हजार रुपए की लागत से आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण स्वीकृत हुआ था। जिसमे पूर्व सरपंच मातादीन लोधी एवं सचिव बन्धुलाल खंगार रोजगार सहायक मनमोहन दुवेदी की लापरवाही से आंगनवाड़ी भवन में केवल दिवालो का निर्माण कार्य करके 6 लाख 48 हजार 800 रुपए की निकासी फर्जी बिल लगाकर निकाल लिए गए है।

वर्तमान स्थिति में आंगनवाड़ी भवन में केवल दीवाल बनी हुई है आपको बता दे अभी आंगनवाड़ी के अधूरे भवन में दरवाजे खिडक़ी फर्श शौचालय सहित अन्य कार्य अधूरे पड़े हुए है। आगनवाड़ी भवन का लगभग 90 प्रतिशत पैसा सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक के भ्रष्टाचारी रवैया के चलते पैसा निकाल लिया गया है। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि अब इस आंगनवाड़ी भवन में ग्राम के कुछ लोग अपने मावेशियो को बांधते है। ग्राम पंचायत लिधौरा में पूर्व सरपंच मातादीन लोधी का भ्रष्टाचार खुलकर देखने को मिल रहा है। ग्राम पंचायत में ऐसे कई कार्य है कि जो आज भी अधूरे पड़े हुए है और उन कार्यों का आधे से ज्यादा भुगतान हो चुका है। बता दें कि आंगनबाड़ी भवन में पशुओं का डेरा डाले हुए है। जिससे ग्राम वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**वर्तमान सरपंच का भी भ्रष्टाचार आया सामने :** वर्तमान सरपंच वंसिया वंशकार के द्वारा ग्राम पंचायत लिधौरा में 4 नाडेप बनाए गए थे जो की ग्राम का कचड़ा डालने के लिए बनाए गए थे लेकिन कचड़ा संग्रह के लिए बनाए गए नाडेप भी गुणवत्ताहीन कार्य किए गए ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया है कि नाडेप के सरपंच में भी मनमानी पूर्ण रवैया देखने को मिला है।

### इनका कहना है

आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई हैं मामले की जांच करवाई जायेगी जांच उपरांत दोषियों पर कार्यवाही की जायेगी।

**प्रशांत अग्रवाल,** प्रभारी सीईओ जनपद पंचायत बड़ामलहरा

### जी-20 डेलीगेट्स ने खजुराहो के मंदिरों का किया भ्रमण

# अप्रतिम कला सौंदर्य देखकर हुए अभिभूत



- कलाकारों ने स्थानीय लोक नृत्य की दी आकर्षक प्रस्तुतियां

**छतरपुर, देशबन्धु।** जी 20 समूह देशों के प्रतिनिधिमंडल को चौथे इंफ्रास्ट्रक्टर कार्यकारी समूह की द्वितीय एवं अंतिम दिवस की बैठक के पूर्व खजुराहो के पश्चिम मंदिर समूहों का भ्रमण कराया गया। डेलीगेट्स चंदेलकालीन मंदिरों के भ्रमण के दौरान कला और इतिहास से रूबरू हुए। इस दौरान डेलीगेट्स के दल मंदिर के अप्रतिम कला सौंदर्य को देखकर अभिभूत हुए और सराहना की। डेलीगेट्स ने मंदिर परिसर में सेल्फी ली। इसके पहले मंदिर पहुंचने पर भारतीय बुंदेली परंपरा अनुसार स्वागत किया गया। स्थानीय कलाकारों के दल ने बुंदेली राई और दिवारी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

## हाइवे पर किए वाहनों के चालान



**छतरपुर, देशबन्धु।** फोरलेन पर अंधाधुंध गति से दौडऩे वाले वाहनों के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाने की मंशा से वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में शहर की यातायात पुलिस ने शुक्रवार को चैकिंग अभियान चलाकर चालकों को निर्धारित गति से वाहन चलाने की हिदायत दी गई।

यातायात प्रभारी दलवीर मार्को ने बताया कि शहर में सर्वाधिक दुर्घटनाएं फोरलेन पर हो रही हैं जिनका कारण तेज गति से वाहनों का दौडऩा और बिना सुरक्षा इंतजामों के वाहन चलाया जाना है। इसी को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर यातायात के विशेष वाहन के साथ शहर के महोबा रोड पर ओवनब्रिज के ऊपर चैकिंग लगाई गई। इस दौरान तेज गति से वाहन चलाने वालों, बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वालों और बिना सीट बेल्ट लगाए चार पहिया वाहन चलाने वालों के चालान काटकर उन्हें हिदायत दी गई। कार्यवाही के दौरान लगभग तीन दर्जन से अधिक चालान काटकर शुल्क वसूला गया। श्री मार्को ने बताया कि यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## आमने-सामने दो मोटरसाइकिलों में टक्कर तीन घायल

**बड़ा मलहरा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र भगवाके ग्राम सरकना तिराहे पर हनुमान जी मंदिर के पास तेज गति से आ रही मोटरसाइकिले आपस में आमने-सामने टकरा गई जिसकी वजह से दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार तीनों लोग बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस द्वारा बड़ा मलहरा सिविल अस्पताल लाया गया यहां पर डॉक्टर अरुण शुक्ला एवं कंपाउंडरशोभा लालअहिरवार ने प्राथमिक उपचार करते हुए तुरंत जिला सिविल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया तीनों की हालत गंभीर बतलाई गई है मिलन आदिवासी उम्र 36 वर्ष बन्न बरेला गांव से आ रहा था सामने से रमेश राजपूत 24 वर्ष सरकना एवं सुंदरलाल अहिरवार सरखना उम्र 55 वर्ष जा रहे थे दोनों की मोटरसाइकिल आमने-सामने टकरा गई।

## सार्वजनिक स्थानों पर खुले पड़े बोर, हादसे की आशंका



**बक्सवाहा, देशबन्धु।** बक्सवाहा नगर परिषद की कार्यशैली पिछले लंबे समय से सवालों के घेरो में है नगर परिषद द्वारा नगर मे पानी, सडक़, बिजली, स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुचारू रूप से संचालित नहीं किया जा रहा है।

चार माह पूर्व नगर परिषद द्वारा लाखो की राशि खर्च कर नगर के मरई माता स्थान, बुंदेला बाबा स्थान, कछियाना मुहल्ला, हुका कुआं स्थान, गोला की मडिया स्थान पर पेय जल प्रदाय हेतु बोर कराए गए थे लेकिन आज दिनांक तक नगर के लोगों को इन बोरो के माध्यम से जल प्रदाय नहीं किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि नगर परिषद बोर कराने के बाद शायद भूल गई है कि इन बोरो से नगर के लोगों को जल प्रदाय करना है। कई बार ग्रामीणों द्वारा नगर परिषद को याद दिलाते हुए बोर पर चेंबर बनाने के लिए आग्रह भी किया गया है लेकिन नगर परिषद इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। वहीं ग्रामीण सार्वजनिक स्थानों पर खुले पड़े बोर से किसी बड़े हादसे की आशंका भी व्यक्त कर रहे हैं। उनका कहना है कि छोटे-छोटे बच्चे इन स्थानों पर खेलने के लिए पहुंचते हैं और बोर में बच्चों के गिरने का डर हमेशा बना रहता है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर परिषद द्वारा कराए गए बोर लंबे समय से खुले पडे है। पानी के खुले पड़े बोर से ग्रामीणों को लाभ की आस से अधिक बड़े हादसे का डर सता रहा है। नगर परिषद को कई बार खुले पड़े बोरो पर चेंबर बनाने के लिए कहा गया है लेकिन फंड न होने का हवाला देकर नगर परिषद द्वारा अपनी जिम्मेदारियो से मुंह फेर लिया जाता है।

### इनका कहना है

आपके द्वारा जानकारी लगी है कि अभी भी बोरवेल खुले पड़े है मैं अभी दिखवाता हूं।

**राकेश शुक्ला** एसडीएम

# मुक्तिधाम के टीनशेड व स्टॉप डेम खस्ताहाल, पुन: निर्माण की मांग



**नौगांव, देशबन्धु।** शहर के वार्ड नम्बर 20 में स्थित मुक्तिधाम के जर्जर टीनशेड एवं भड़ार नदी पर स्थित जर्जर हो चुके स्टॉपडेम के पुन: निर्माण कराने की मांग को लेकर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित तिवारी ने नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी को ज्ञापन सौंपा है।

नगर पालिका परिषद के द्वारा बीते वर्षों में शहर के एकमात्र मुक्तिधाम के जर्जर हो चुके टीनशेड और मुक्तिधाम के बगल से बहने वाले भड़ार नदी के जर्जर हो चुके स्टॉप डेम के पुन: निर्माण को लेकर वार्ड पार्षद ज्योति अमित तिवारी ने नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार करने के स्थान पर लगे टीनशेड जर्जर हालत में हैं, जिससे अंतिम संस्कार के दौरान कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। तो वहीं दूसरी ओर मुक्तिधाम के बगल से बहने वाली भड़ार नदी पर नगर पालिका के द्वारा पानी को स्टोरेज करने के लिए स्टॉप डेम बनाया था जो कि अब जर्जर हालत में पहुंच गया है।

साथ ही स्टापडेम की हालत अब इतनी जर्जर हो चुकी है कि इसमें पानी को स्टोरेज नहीं किया जा सकता है। साथ ही नपा के द्वारा बीते वर्षों में अंतिम संस्कार करने के लिए जो नए स्थान का निर्माण कराया था उनकी भी गुणवत्ता खराब होने के चलते छत से पानी टपक रहा है।

पार्षद प्रतिनिधि अमित तिवारी ने नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी को ज्ञापन सौंपते हुए मुक्तिधाम के जर्जर टीनशेड को बदलवाने, फर्श कराने, नदी पर स्टॉपडेम का पुन: निर्माण कराने सहित अन्य मांगें रखी है।

# संतों की कृपा से ही सब संभव : डॉ. शास्त्री



**नौगांव, देशबन्धु।** नगर नौगांव में चल रहे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रूद्राभिषेक एवं 18 पुराण के धार्मिक आयोजन में पहले दिन ही 29 लाख 62 हजार 11 शिवलिंग निर्माण किए गए। श्रद्धालुओं ने शुक्रवार की सुबह भक्तिभाव के साथ शिवलिंग निर्माण किए तदोपरांत शिर्वाचन किया। दोपहर में गृहस्थ संत पंड़ित अनिल शास्त्री बड़े भैया ने भागवत भक्ति की धारा में श्रद्धालुओं को सराबोर किया।

नगर के मेला मैदान में गृहस्थ संत दद्दा देवप्रभाकर शास्त्री के ज्येष्ठ पुत्र डॉ. अनिल शास्त्री के सानिध्य में शुक्रवार से सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रूद्राभिषेक एवं 18 पुराण के धार्मिक आयोजन का श्रीगणेश किया गया। सुबह से श्रद्धालुओं का धर्म पंडाल में आना शुरू हो गया था। सुबह करीब 11 बजे तक श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हुए पहले दिन ही 29 लाख 62 हजार 11 शिवलिंग निर्माण किए। गृहस्थ संत श्री शास्त्री ने सभी थालों में विराजित शिवजी की पूजा अर्चना की। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक नीरज विनोद दीक्षित, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनोद दीक्षित, व्हीएव्ही ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर अशोक दीक्षित, दद्दा शिष्य मंडल के सदस्य सहित असंख्य श्रद्धालु मौजूद रहे। दोपहर में गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री ने भागवत कथा का बखान करते हुए कहा कि दुनिया एक बड़ा रंग मंच है।

हम एक कलाकार की तरह अपनी जीविका का निर्वाह करते हैं। बस जरूरत है सच्चे और सार्थक रास्ते की जिसके लिए हमें भगवत भक्ति के रास्ते मोक्ष की ओर जाना होगा। उन्होंने अपनी कथा में श्रद्धालुओं को वृंदावन धाम के दर्शन कराए तो वहीं कहा कि संतों की कृपा से ही सब कुछ संभव है। हमें भगवन की भक्ति के लिए संतों की शरण में आना होगा।

# आक्रोश यात्रा चंदला पहुंची



**छतरपुर, देशबन्धु।** पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बुंदेलखण्ड प्रभारी अरुण यादव के नेतृत्व में जन आक्रोश यात्रा पन्ना के रास्ते चन्दला विधान सभा के लसगरया पुल से प्रवेश की इस आशय की जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता संतोष तिवारी ने देते हुए बताया कि जहाँ से सैकड़ो गाड़ियों के काफिले के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष लखन लाल पटेल एवं छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी, राजनगर विधायक विक्रम सिंह नाती राजा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मति शिवानी चौरसिया, युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने यात्रा की अगवानी की जहां से जगह जगह यात्रा का भव्य स्वागत किया गया इसके पशचात विशाल आमसभा हुई जिसको जिला कांग्रेस अध्यक्ष लखन लाल पटेल, अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव एवं सह प्रभारी मध्यप्रदेश सी पी मित्तल छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी, एवं इसके बाद यात्रा के प्रभारी अरुण यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस जो कहती है वो करती हैं भाजपा विधायक पर तंज कसते हुये कहा कि विधायक का अधिकांश सम य तो कैन् नदी पर बीतता है अवैध उत्खनन से यहाँ से रोज 50 लाख रुपये की बसूली हो रही है जिसमे साँसद मंत्री मजे कर रहे हैं अरुण यादव ने पुरानी कमल नाथ सरकार की योजनाओ के बारे में बताया एवं कमल नाथ की गारंटि यों के बारे में कहा कि कांग्रेस सरकार जो कहती है वह करती है इसके बाद फिर काफिला आगे बढ़ा और फिर जगह जगह स्वागत हुआ।

### खजुराहो में जी-20 : अधोसंरचना कार्यकारी समूह की बैठक संपन्न

# कार्यक्षेत्र से जुड़े कई विषयों पर हुई चर्चा



***छतरपुर, देशबन्धु।*** *जी-20 समूह देश के प्रतिनिधिमंडल की खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेन्टर में दो दिवसीय बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। चौथे इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यकारी समूह की बैठक के द्वितीय एवं अंतिम दिवस डेलीगेट्स ने इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र से संबंधित विभिन्न सामयिकी मुद्दों पर चर्चा कर रणनीतियों का आदान-प्रदान किया। इस दौरान उपस्थित और वर्चुअली शामिल हुए कई डेलीगेट्स ने आवश्यक सुझाव भी दिए। साथ ही कार्यक्षेत्र की संभावनाओं व चुनौतियों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक के दौरान भविष्य के वित्तीय प्रबंधन, अवसरों की व्यापक संभावनाओं, ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर हब तैयार करने, शहरी अधोसंरचना विकास और रोडमैप तैयार करने के संबंध में भी संवाद किया गया।*

*बैठक के उपरांत डेलीगेट्स ने खजुराहो के निकट स्थित नैसर्गिक व प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण रनेह फॉल का भ्रमण किया। इस दौरान रोचक गतिविधियों का लुत्फ भी उठाया। उन्होंने यहां के मनोरम वातावरण में सेल्फी ली और सामूहिक फोटो भी खिंचवाई। डेलीगेट्स ने रनेह फॉल को रमणीय व मनमोहक स्थल बताया। प्रतिनिधि मंडल को खजुराहो के जनजातीय कला पर केन्द्रित आदिवर्त संग्रहालय का भ्रमण भी करवाया गया। संग्रहालय में कलाकारों द्वारा निर्मित एवं प्रदर्शित कला सामग्रियों को देखा। साथ ही जनजातीय कला, संस्कृति व परम्परा से रूबरू हुए। जी-20 डेलीगेट्स शनिवार, 23 सितम्बर को सुबह मैत्री क्रिकेट मैच भी खेलेंगे और खजुराहो विमानतल से सायं नई दिल्ली रवाना होंगे।*

# अभिमत

*विगत एक दशक में सिख चरमपंथ लंदन, पाकिस्तान से लेकर उत्तर अमेरिका तक अपनी जड़ें गहरी कर गया है, उसकी ज़िम्मेदारी देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार क्यों नहीं लेते? देश के गृहमंत्री भी नहीं स्वीकारते कि सिख अतिवाद को जड़ से मिटाने में हम विफल रहे हैं। चार-छह कौवे मारकर टांग दो, तो अतिवाद समाप्त हो जाएगा, ऐसा कोई रणनीतिकार सोचता है, तो अपने नेतृत्व को भ्रम में रखता है। इस पूरे प्रकरण में ट्रूडो जैसा शातिर प्रधानमंत्री कोई भी खेल कर सकता है।*

## बात बिगड़ेगी तो फ़िर दूर तलक जाएगी

4



पुष्परंजन

**जस्टिन ट्रूडो ने अपने इस खेल में जो बाइडेन प्रशासन को भरोसे में ले लिया है, जो उल्टा भारत को सहयोग देने की नसीहत दे रहे हैं। 18 जून को सिख चरमपंथी निज्जर की हत्या हुई। कोई खुफिया इनपुट नहीं। सब कुछ हवा-हवाई। क्या यह संभव नहीं कि स्वयं जस्टिन ट्रूडो ने इस हाई प्रोफाइल खेल को रचा हो?**

जून 2023 की बात है। कनाडा के ब्रैंपटन शहर में खालिस्तान समर्थकों ने 5 किलोमीटर लंबी एक परेड निकाली थी। छह जून 2023 को ऑपरेशन ब्लू स्टार की 39वीं बरसी थी। मगर, उससे दो दिन पहले 'शोभा यात्रा' निकालकर माहौल गर्माने का प्रयास किया गया था। इस शोभा यात्रा में एक चलती हुई गाड़ी पर इंदिरा गांधी की हत्या का दृश्य दिखाया गया था। इसमें खून से सनी साड़ी पहने हुए इंदिरा गांधी का एक पुतला था। दो सिख जवानों के पुतले इंदिरा गांधी के पुतले पर गोलियां बरसाते दिख रहे थे। उस झांकी में एक पोस्टर भी लगाया गया था जिसमें लिखा था, 'दरबार साहिब पर हमले का बदला।'

8 जून 2023 को विदेशमंत्री एस. जयशंकर इस आपत्तिजनक झांकी के हवाले से कनाडा के विरूद्ध कड़ा प्रतिरोघ व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यहां बड़ा मुद्दा कनाडा की जमीन का भारत विरोधी चीजों के लिए इस्तेमाल का है। उन्होंने कहा कि भारत विरोध के लिए कनाडा का इस्तेमाल होना, न हमारे रिश्तों के लिए ठीक है, और न उनके लिए ठीक है। एस. जयशंकर ने एक दायित्व बोध के साथ इस विषय को उठाया था। हमारे मतभेद चाहे जितने रहे हों, मगर देश के पूर्व प्रधानमंत्री का इस तरह अपमान क्यों कोई भारतीय बर्दाश्त करे। जयशंकर ने जो किया, उसकी सराहना होनी चाहिए। लेकिन इस समय भारत और कनाडा के बीच जो कुछ चल रहा है, इंडिया गठबंधन को अपनी स्थिति साफ कर देनी चाहिए।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉडी थॉमस ने एक बयान में कहा था कि, भारत उनके देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करता है। वो कौन से आतंरिक मामले हैं? जस्टिन ट्रूडो की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को स्पष्ट कर देना चाहिए था। आप अतिवाद को ऊर्जा दो, और उल्टा चोर कोतवाल की तरह व्यवहार करो। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ऐसा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें अपनी कुर्सी 2025 चुनाव तक बचानी है। पूरे देश का ध्यान उन्होंने बांट लिया है।

जस्टिन ट्रूडो के साथ मुश्किल यह है कि सरकार को सुचारू रूप से चलाने की बजाय देश का ध्यान भटकाने के लिए कभी चीन से, तो कभी भारत से कूटनीतिक संबंध बिगाड़ने में लगे हुए हैं। अक्टूबर 2025 तक सत्ता में बने रहने के लिए जस्टिन ट्रूडो एक कठपुतली प्रधानमंत्री की भूमिका में हैं। सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी को 338 सदस्यीय हाउस ऑफ कॉमंस में 170 सभासदों का समर्थन चाहिए। 2019 के आम चुनाव परिणाम के समय न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के लीडर जगमीत सिंह किंग मेकर की भूमिका में अवतरित हुए थे। उनके कहने पर ही 18 सिख सांसदों ने जस्टिन ट्रूडो को प्रधानमंत्री स्वीकार किया था। 22 मार्च 2022 को दूसरे आम चुनाव में भी यही सीन था। एक बार फिर सिख सांसदों ने ट्रूडो की कठपुतली सरकार को समर्थन दे दिया। चार साल की यह मियाद 20 अक्टूबर 2025 को पूरी होगी।

ट्रूडो ने हालिया बयान में कहा भी था कि हम 'सप्लाई एंड कान्फिडेंस' की नीतियों के साथ एनडीपी से अपने संबंध निर्वाह कर रहे हैं। कनाडा की घरेलु राजनीति में स्थिरता के लिए सिख सांसदों का समर्थन ही एकमात्र विकल्प है। ठीक से देखा जाए तो भारतीय लोकसभा से कहीं अधिक सिख सांसद कनाडा में हैं। लोकसभा में 13 तो कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में 18 सिख सांसद हैं।

सबसे दुखद पहलू यह है कि खालिस्तान की आवाज को बुलंद कराने में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का पूरा समर्थन है। दो साल पहले खालिस्तान पर मतसंग्रह को लेकर जस्टिन ट्रूडो ने बाकायदा बयान दिया कि खालिस्तान के वास्ते मतसंग्रह जब तक शांतिपूर्ण है, हम उन्हें ऐसा करने से रोक नहीं सकते। यह कनाडा के क़ानून द्वारा प्रदत अधिकार है कि किसी विषय पर आप मत संग्रह करा सकते हैं। फ्री स्पीच, असेंबली कनाडा में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा है। कनाडा सरकार अखंड भारत के अस्तित्व को स्वीकार करती है। हमने अपने पोजिशन में कोई बदलाव नहीं किया है। हम किसी एडवोकेसी ग्रुप द्वारा मतसंग्रह को मान्यता नहीं देते, मगर हम उन्हें ऐसा करने से रोक नहीं सकते हैं।

थोड़ी देर के वास्ते मान लिया कि कनाडा के प्रधानमंत्री अपने देश के क़ानून को लागू कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन एक उदाहरण के हवाले से वह अपने कुतर्क में खुद फंस जाएंगे। ओंटारियो गुरूद्वारा कमेटी बाकायदा आदेश जारी करती है कि हमारे धर्मस्थलों, खुसूसन ब्रैम्प्टन के गुरूद्वारों में दूतावास या भारत सरकार का कोई अधिकारी प्रवेश नहीं करेगा। अब कोई जस्टिन ट्रूडो से पूछे कि कनाडा की धरती पर यह आदेश कैसे लागू हो सकता है?

टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के आगे जो कुछ उपद्रव हुआ उसके पीछे की कथा यह है कि ओंटारियो के अंतर्गत आने वाले केल्डोन शहर में किसी इंडो-कैनेडियन नागरिक ने भिंडरावाला का बैनर फाड़ दिया था, जिसे बाद ने पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। इस घटना की प्रतिक्रिया में कोई पांच सौ सिखों का हुजूम टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के आगे प्रदर्शन करने पहुंच गया। उनका आरोप था कि यह सब दूतावास के उकसावे पर हुआ है। वो बोल रहे थे, 'जनरैल सिंह भिंडरावाला शहीद हैं, संत हैं, खालिस्तान आंदोलन के आइकॉन हैं, हम उनका अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।' इस तरह का कांड करके उत्तर अमेरिका में हिंदू-सिखों को विभाजित करने की चेष्टा पहले से हो रही है, इस सच से हम इंकार नहीं कर सकते। ऐसे खेल में न सिर्फ़ प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो व उनके शैदाई सिख सांसद शामिल हैं, बल्कि पाकिस्तान का दूतावास भी अहम भूमिका अदा कर रहा है।

यह एक ख़तरनाक पहलू है कि इस इलाके में रहने वाले भारतवंशियों को बांटने की साजिश चल रही है। 2021 में प्रवासी भारतीयों के बारे में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में जानकारी दी गई कि विदेश रहने वाले भारतीयों की संख्या 18 करोड़ है। हर साल प्रवासी भारतीयों की संख्या में दस लाख का इजाफा होता गया है। 2010 से 'एनआरआई-पीआईओ' की आबादी में 17.2 प्रतिशत की दर से बढ़त हो रही है। ये कहने को प्रवासी हैं, मगर इनमें खेमे बंटे हुए हैं। एक, भारतीय सत्ता प्रतिष्ठान का समर्थक और दूसरा विरोधी। कुछ ऐसे भी हैं, जो इस खेमेबाजी से दूर अपने काम और परिवार से सरोकार रखते हैं।

इंडियन डायसपोरा में यह खेमेबाजी मई 2014 के बाद से व्यापक रूप से दिखी है। जो लोग दुनियाभर में डायसपोरा को मॉनिटर करते हैं, उन्हें भी इस नये ट्रेंड पर हैरानी है। आज की जमीनी हकीकत यह है कि उत्तर अमेरिका जैसे इलाक़े में धर्म, समुदाय, प्रांतवाद के आधार पर एनआरआई-पीआईओ देश में मौजूदा नेतृत्व के प्रति अपनी निष्ठा बदलने लगे हैं। क्या इसके लिए दोषी वो लोग नहीं हैं, जो भारतीय विदेश नीति तय करते हैं। यदि पीएम मोदी के भाषणों में प्रतिपक्ष पर कटाक्ष विदेशी मंचों पर होता है, तो भारतीय समुदाय में विभाजन का दोषी कौन है?

विगत एक दशक में सिख चरमपंथ लंदन, पाकिस्तान से लेकर उत्तर अमेरिका तक अपनी जड़ें गहरी कर गया है, उसकी ज़िम्मेदारी देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार क्यों नहीं लेते? देश के गृहमंत्री भी नहीं स्वीकारते कि सिख अतिवाद को जड़ से मिटाने में हम विफल रहे हैं। चार-छह कौवे मारकर टांग दो, तो अतिवाद समाप्त हो जाएगा, ऐसा कोई रणनीतिकार सोचता है, तो अपने नेतृत्व को भ्रम में रखता है। इस पूरे प्रकरण में ट्रूडो जैसा शातिर प्रधानमंत्री कोई भी खेल कर सकता है। 2018 में कनाडा की खुफिया सेवा के हवाले से सरकार ने पांच सिख अतिवादियों की सूची जारी करते हुए सचेत किया था कि ये देश के लिए ख़तरा हैं। अब भी कनाडा सरकार की 'पब्लिक सेफ्टी' वेबसाइट में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई), इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन (आईएसवाईएफ) बतौर आतंकी संगठन सूचीबद्ध हैं।

क्या बीकेआई और आईएसवाईएफ के सदस्य कनाडा के ब्रैंपटन शहर में खालिस्तान समर्थकों की रैलियों में होते हैं? जस्टिन ट्रूडो सरकार को चाहिए कि सही तरह गेहूं में घुस आये घुन को खोज ले। ये घुन इस देश के लिए कभी भी ख़तरनाक साबित हो सकते हैं। कनाडा और अमेरिका में जिस तरह का भारत-विरोधी उत्पात होता है, उनमें सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का नाम सबसे आगे दीखता है।

न्यूयार्क में 'एसएफजे' सरगना गुरूपतवंत सिंह पन्नू का मुख्यालय है। तो क्या जो बाइडन प्रशासन खालिस्तान की रचना के वास्ते पन्नू जैसे लोगों की आर्थिक-राजनीतिक मदद कर रहा है? यह सवाल अमेरिकी दूतावास से दिल्ली में कोई नहीं पूछता। आप जी-20 के हवाले से जो बाइडेन का गुणगान और गुडी-गुडी करते रहिए लेकिन अतिवाद के आका के बारे में अमेरिकी प्रशासन से सवाल करने की हिमाक़त मत कीजिए। इसी आतंक के आका गुरपतवंत सिंह पन्नू ने वीडियो जारी किया है कि जो प्रवासी भारतीय खालिस्तान का समर्थन नहीं करते, वो कनाडा छोड़ दें। दो दिन बाद कनाडा का सुरक्षा विभाग जगा, और बयान दिया कि कनाडा में नफरत या डर पैदा करने वाले बर्दाश्त नहीं किये जाएंगे।

सबसे दिलचस्प है कि न्यूयार्क के कोर्ट में आरएसएस को आतंकी संगठन घोषित करने का एक मुकदमा 'सिख फॉर जस्टिस' नामक संगठन ने दायर कर रखा था। अब मोदी सरकार के पास रीढ़ ही नहीं है कि जो बाइडेन प्रशासन से कहकर गुरपतवंत सिंह पन्नू का प्रत्यर्पण भारत कराये, तो हम-आप क्या कर सकते हैं? हिंदू स्वयंसेवक संघ भी शेर का प्रतीक चिह्न लगाकर प्रसन्न होता रहे। जस्टिन ट्रूडो ने अपने इस खेल में जो बाइडेन प्रशासन को भरोसे में ले लिया है, जो उल्टा भारत को सहयोग देने की नसीहत दे रहे हैं। 18 जून को सिख चरमपंथी निज्जर की हत्या हुई। कोई खुफिया इनपुट नहीं। सब कुछ हवा-हवाई। क्या यह संभव नहीं कि स्वयं जस्टिन ट्रूडो ने इस हाई प्रोफाइल खेल को रचा हो?

pushpr1@rediffmail.com

### बीता सप्ताह

**16 सितंबर**
- चद्रयान-1 आंकड़ों का अध्ययन कर वैज्ञानिकों ने दावा किया कि पृथ्वी के उच्च ऊर्ज वाले इलेक्ट्रान चंद्रमा पर पानी बना रहे हैं।
- कश्मीर के अनंत नाग में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया।
- लखनऊ उत्तरप्रदेश में एक मकान की छत गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई।
- केंद्र सरकार ने देशभर में सैनिक स्कूल खोलने की मंजूरी दी।

**17 सितंबर**
- महाराष्ट्र सरकार ने औरंगाबाद, उस्मानाबाद शहर का नाम बदलकर संभाजी नगर और सदाशिव कर दिया।
- अनंत नाग बारामुल्ला में सैनिकों ने आतंकियों के साथ जंग जारी रखी तथा 3 आतंकियों को ढेर कर दिया।
- उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग ने अपनी रूस यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए।
- भारत के नए संसद भवन में 18 सितंबर से विशेष सत्र का शुभारंभ हुआ।

**18 सितंबर**
- श्रीलंका को 10 विकेट से हरा कर भारत एशिया का आठवीं बार एशिया कप चैंपियन बना।
- छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 18 सितंबर से दो दिवसीय जी-20 की बैठक प्रारंभ हुई।
- न्यायमूर्ति फैज़ा इसा पाकिस्तान के 21वें मुख्य न्यायाधीश की शपथ ली।
- टेक्सास के अटार्नी जनरल केन पेक्सरन भ्रष्टाचार के आरोपों से बरी हो गए।

**19 सितंबर**
- केंद्र सरकार की केबिनेट की बैठक में महिला आरक्षण बिल को मंजूरी दी गई।
- इसरो ने सौर वेघशाला के बारे में जानकारी दी कि आदित्य एल-1 ने वैज्ञानिक टेडा एकत्र करना शुरु कर दिया।
- 20 वें चीन आसियान एक्सपो का हस्ताक्षर समारोह नानिंग शहर में आयोजन शुरु हुआ।
- पाकिस्तान करांची की निवासी एरिका रॉबिन ने मिस यूनिवर्स पाकिस्तान -23 का खिताब जीता।

**20 सितम्बर**
- लोकसभा के विशेष सत्र में भाजपा सरकार ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल पेश किया।
- छत्तीसगढ़ में जी-20 की दो दिन की बैठक का समापन विश्व अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों के चिंतन से हुआ।
- जस्टिस टूडो के आतंकवादी हरदीप सिंह की हत्या में भारत सरकार भूमिका के आरोप के जवाब में भारत सरकार ने कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया।
- छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में एक्सिस बैंक में 7 करोड़ की डकैती मेनेजर को चाकू मारकर की गई।

**21 सितम्बर**
- महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पास हुआ। समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट पड़े।
- 1984 के सिख दंगों के मामले में जेल में बंद कांग्रेस नेता सज्ज़न कुमार को बरी कर दिया गया।
- भारत के मोहम्मद सिराज बने आईसीसी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज।
- महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में पिछले 72 घंटे के भीतर साठ किसानों ने आत्महत्या कर ली।

**22 सितम्बर**
- महिला आरक्षण बिल राज्यसभा में सर्वसम्मति से पास, विरोध में कोई वोट नहीं पड़ा।
- लक्ष्मी कृपा स्टील के संचालक व चार पार्टनर के ठिकानों पर आईटी का छापा।
- चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी, आधार नंबर को मतदाता सूची से जोड़ना अनिवार्य नहीं।
- चंद्रयान-3 मिशन की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की अन्य उपलब्धियों को लेकर चर्चा की गई।

## लोकसभा सदस्य गीता मुखर्जी ने की थी महिला आरक्षण विधेयक की शुरुआत

■ बिनॉय विश्वम

काफी लंबे इंतजार के बाद महिला आरक्षण बिल संसद से पास हो गया है। जो कोई भी महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने के लिए संघर्ष के इतिहास के बारे में जानता है, वह जीत के इस क्षण में कॉमरेड गीता मुखर्जी को याद करेगा। वह अविस्मरणीय कम्युनिस्ट नेता और महिलाओं के अधिकारों के लिए एक सतत सेनानी थीं, जिन्होंने महिला विधेयक को पारित करने को एक जीवन मिशन के रूप में लिया।

वह एक सच्ची कम्युनिस्ट थीं जिनका मानना था कि देश की महिलाओं की मुक्ति के बिना भारतीय क्रांति के कार्य पूरे नहीं हो सकते। संसद और राज्य विधानमंडलों में महिलाओं की तैंतीस प्रतिशत भागीदारी उस दिशा में पहला कदम है। उस पहले कदम को पूरा करने के लिए भी, देश की लोकतांत्रिक ताकतों को दशकों तक लगातार लड़ाई लड़नी पड़ी। विधेयक का पारित होना महिला संगठनों और अन्य लोकतांत्रिक ताकतों के भविष्य के संघर्षों के लिए एक प्रेरणा होगी।

**भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और वामपंथी ताकतें हमेशा महिला आरक्षण विधेयक के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध रही हैं और उन्होंने देश में प्रगतिशील महिला आंदोलन के साथ-साथ अपना संघर्ष जारी रखा है। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वीमेन (एनएफआईडब्ल्यू) इस संघर्ष को जनहित याचिका के रूप में 2021 में सुप्रीम कोर्ट तक ले गया। इस महत्वपूर्ण मामले में सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने भी कड़ा रुख अपनाया।**

भाजपा सरकार देश में महिला सशक्तिकरण की चैंपियन बनने की कोशिश कर रही है। उनके सभी प्रचार उपाय इसी के अनुरूप हैं और वे प्रचार करते हैं कि नरेंद्र मोदी महिलाओं के अधिकारों के योद्धा हैं। चलाये जा रहे ऐसे प्रचार के विपरीत, सच्चाई यह है कि नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने के प्रति बिल्कुल भी ईमानदार नहीं हैं। वे वैचारिक और राजनीतिक तौर पर महिला सशक्तिकरण के पक्ष में नहीं हैं। उनका आरएसएस द्वारा नियंत्रित एक पुरुषवादी संगठन है जिसमें महिलाओं को प्राथमिक सदस्यता से भी वंचित रखा जाता है। उनकी विचारधारा मनुस्मृति द्वारा निर्देशित है, जो 'न स्त्री स्वतंत्रयंअर्हति' (महिलाओं को स्वतंत्र नहीं होना चाहिए) का उपदेश देती हैं। अचानक, उनकी सरकार नारी शक्ति की पैरोकार बन गई और इस विधेयक के साथ उसे ताज पहनाना चाहती थी। चुनावी मजबूरियां भाजपा के अंदर वैचारिक प्रतिबद्धता पर हावी हो रही थीं। अन्यथा, वे इस विधेयक को शुरू करने के लिए 2014 से 2023 तक नौ साल की लंबी अवधि को कैसे उचित ठहरा सकते हैं?

महिला आरक्षण विधेयक की विषयवस्तु को 1996 में संयुक्त मोर्चा सरकार द्वारा आकार दिया गया था, जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भी महत्वपूर्ण पदों पर थी। तब ओबीसी के लिए आरक्षण को लेकर मतभेद के कारण इसे पारित नहीं किया जा सका था। इस हेतु गीता मुखर्जी के नेतृत्व में एक संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया गया। हालांकि इसने रिकॉर्ड समय में अपनी रिपोर्ट पेश की, लेकिन यह कदम आगे नहीं बढ़ सका क्योंकि विधेयक लोकसभा के विघटन के साथ समाप्तअवधि वाला हो गया था।

वाजपेयी सरकार के कार्यकाल में इस मामले में कोई खास प्रगति नहीं हुई। यूपीए-1, जिसमें वामपंथी दलों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ने मामले को गंभीरता से लिया और महिला आरक्षण विधेयक को न्यूनतम साझा कार्यक्रम में महत्वपूर्ण स्थान मिला। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली इस सरकार के दौरान, विधेयक 6 मई, 2008 को पेश किया गया था। स्थायी समिति की जांच के बाद, राज्यसभा ने 9 मार्च, 2010 को विधेयक पारित कर दिया। उस समय से, राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण इस विषय में कोई गंभीर विकास नहीं हुआ।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और वामपंथी ताकतें हमेशा महिला आरक्षण विधेयक के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध रही हैं और उन्होंने देश में प्रगतिशील महिला आंदोलन के साथ-साथ अपना संघर्ष जारी रखा है। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वीमेन (एनएफआईडब्ल्यू) इस संघर्ष को जनहित याचिका के रूप में 2021 में सुप्रीम कोर्ट तक ले गया। इस महत्वपूर्ण मामले में सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने भी कड़ा रुख अपनाया और सरकार को आगाह किया कि अगर विधेयक को लागू करने में और देरी की गई तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

2024 के आने वाले लोक सभी चुनावों के साथ-साथ, विभिन्न कारकों ने भाजपा सरकार को कानून के साथ आगे आने के लिए मजबूर किया। हालांकि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक ऐतिहासिक मोड़ है, लेकिन भाजपा इसके कार्यान्वयन के प्रति बिल्कुल भी ईमानदार नहीं है। आगामी जनगणना और निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के नाम पर, सरकार ने इसके कार्यान्वयन को किसी और समय के लिए विलंबित करने का प्रयास किया है। इसका विरोध किया जाना चाहिए। देश की लोकतांत्रिक ताकतों ने सरकार से आग्रह किया कि महिला आरक्षण विधेयक को मौजूदा लोकसभा के भंग होने के बाद ही अविलंब लागू किया जाये।

पंचायतों और स्थानीय शहरी निकायों में कुल सीटों में से एक तिहाई (33प्रतिशत) में आधी पर ही महिलाओं के लिए आरक्षण के अनुभव ने हमें दिखाया है कि शासन में महिलाओं को आरक्षण देने से कैसे सकारात्मक परिणाम आ सकते हैं। हमारे राजनीतिक परिदृश्य में परिवर्तन के लिए यह लैंगिक-समावेशी राजनीति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का ईंधन होना चाहिए। वर्तमान अधिनियम का दायरा राज्यसभा, राज्य विधान सभाओं और परिषदों के साथ-साथ सभी केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं तक बढ़ाया जाना चाहिए। कानून बनाने वाली संस्थाओं में ओबीसी और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण एक सार्थक प्रतिनिधि लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है।

गीता मुखर्जी समिति की रिपोर्ट में भी इस पहलू का जिक्र किया गया है। भाजपा के मंच प्रबंधक, जो अब इस अधिनियम के बारे में शेखी बघार रहे हैं, ने आज तक कभी भी ऐसे महत्वपूर्ण सवालों पर अपना दिमाग नहीं लगाया है। उनकी एकमात्र चिंता नारी शक्ति के नाम पर सत्ता पर कब्ज़ा करना है। महिलाओं के साथ सत्ता साझा करना और सामाजिक न्याय का सम्मान उनके राजनीतिक और वैचारिक एजेंडे में शामिल नहीं है। उन्हें जनता के सामने बेनकाब किया जाना चाहिए। जीत के इस पहले बिंदु से महिला सशक्तिकरण के संघर्ष को आगे बढ़ाना है। न्याय और मुक्ति के संघर्ष में कम्युनिस्ट महिलाओं और अन्य सभी लोकतांत्रिक ताकतों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे।

## भारत के लिए आसान नहीं है मुद्रास्फीति से लड़ना

अगस्त महीने के लिए भारत की आधिकारिक मुद्रास्फीति दर 6.83 प्रतिशत है जो पिछले महीने की दर से 7.44 प्रतिशत से नीचे है। यह अभी भी 6 प्रतिशत की अधिकतम दर से ऊपर है जो भारतीय रिजर्व बैंक की रेडलाईन है। जब से मौद्रिक नीति 2016 में मुद्रास्फीति लक्ष्य पर स्थानांतरित हुई है, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के लिए मुद्रास्फीति का स्वीकार्य बैंड 2 से 6 प्रतिशत के बीच है। पिछले बारह महीनों में यह सातवीं बार है जब मासिक मुद्रास्फीति दर 6 फीसदी से ऊपर है। क्या यह आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के लिए चिंताजनक नहीं होगा? उन्हें मुद्रास्फीति को कम करने के लिए धन की आपूर्ति और सख्त करने की आवश्यकता है लेकिन इस उम्मीद में कि मुद्रास्फीति अपने आप कम हो जाएगी उन्होंने ब्याज दर को अपरिवर्तित रखने का विकल्प चुना है। रिजर्व बैंक के गवर्नर ने भी संकेत दिया है कि मुद्रास्फीति कुछ समय तक ऊंची बनी रहेगी।

भारत के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में उपभोग टोकरी में लगभग 450 विभिन्न वस्तुओं का भारित औसत शामिल है जो ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं के लिए अलग-अलग है परन्तु इसका लगभग 49 प्रतिशत भोजन और संबंधित वस्तुओं में चला जाता है। इसलिए यदि खाद्य मुद्रास्फीति अधिक है तो स्वाभाविक रूप से समग्र मुद्रास्फीति अधिक होती है।



डॉ.अजीत रानाडे

**भारत की राजकोषीय स्थिति स्वीकार की गई स्थिति से कहीं अधिक गंभीर है। यदि हम ऋण सेवा अनुपात की तुलना करते हैं यानी सरकार के राजस्व का कितना हिस्सा कर्ज के बढ़ते पहाड़ जैसे ब्याज का भुगतान करने के लिए जाता है तो हम पाते हैं कि भारत का औसत सभी देशों के औसत से ऊपर है। उच्च घाटे के कारण ब्याज दर भी उच्च बनी रहती है जिससे आवास, अचल संपत्ति और वास्तव में सभी औद्योगिक परियोजनाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को नुकसान होता है।**

खाद्य मुद्रास्फीति जो लगभग 49 प्रतिशत है, वर्तमान में 10 प्रतिशत पर चल रही है। इसका कारण सब्जियों, तिलहनों, दालों, दूध और यहां तक कि अनाज की बढ़ती कीमतें हैं। भारत ने निर्यात पर प्रतिबंध लगाने या विभिन्न कृषि उत्पादों पर भारी निर्यात कर लगाने के संयोजन का उपयोग किया है। इनमें गेहूं, चावल, चीनी और प्याज शामिल हैं। यह उन किसानों की कमाई को प्रभावित करता है जो निर्यात से आकर्षक मुनाफे पर नजर रख रहे थे। उदाहरण के लिए भारत ने 2022 में 70.40 लाख टन उबला हुआ चावल निर्यात किया था लेकिन अब इस पर 20 फीसदी का जबरदस्त निर्यात शुल्क है। दुनिया के चावल निर्यात में भारत का हिस्सा 40 प्रतिशत है और भारत के प्रतिबंधों ने दुनिया में चावल की अतिरिक्त कमी पैदा कर दी है। भारत से निर्यात प्रतिबंधों ने चीन, फिलीपींस, बांग्लादेश, इंडोनेशिया और नाइजीरिया जैसे आयातक देशों को प्रभावित किया है। फिलीपींस में चावल की भारी कीमतों के कारण एक मंत्री को इस्तीफा देना पड़ सकता है। क्या प्रतिबंध या निर्यात कर ने भारत में चावल की मुद्रास्फीति को कम कर दिया है? वास्तव में नहीं, क्योंकि स्पष्ट रूप से टूटे हुए चावल (जिस पर निर्यात कर लागू होता है) का उपयोग इथेनॉल उत्पादन के लिए हो रहा है। कारों के लिए ईंधन बनाने के लिए खाद्यान्न का उपयोग करना एक विवादास्पद नीति है, खासकर उस समय जब दुनिया उच्च खाद्य मुद्रास्फीति का सामना कर रही है। फूड एंड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन (एफएओ) का चावल मूल्य सूचकांक अगस्त में 9.8 प्रतिशत बढ़ा है और अब यह 15 साल के उच्च स्तर पर है। इस तरह भारत में महंगाई फैलनी तय है। इथेनॉल नीति कीमती डॉलर को बचाने की कोशिश से प्रेरित है जिसे हम कच्चे तेल के आयात पर खर्च करते हैं। तो भी अगर घरेलू खाद्य मुद्रास्फीति डॉलर भुगतान करने की कीमत है तो हमें ईंधन उत्पादन के लिए खाद्य फसलों का उपयोग करने के बारे में सावधानीपूर्वक सोचना होगा।

खाद्य मुद्रास्फीति से परे कच्चे तेल के बारे में हमारा नजरिया भी उच्च कीमतों की आशंका बढ़ाता है। रूस और सऊदी अरब द्वारा आपूर्ति में कटौती के कारण तेल की कीमतें पहले ही 85 डॉलर को पार कर गई हैं और ऊंची ही बनी रहेंगी। चूंकि यह भारत के आयात पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है इसलिए संभावना है कि भारतीय रुपया 83 से 85 तक गिर जाएगा। तेल आयात बिल को केवल सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाओं के उम्मीद से अधिक निर्यात से हराया जा सकता है। ऐसा कहना आसान है लेकिन इसे अमल में लाना कठिन है क्योंकि सॉफ्टवेयर क्षेत्र में स्पष्ट रूप से मंदी नजर आ रही है। बेशक, भारत की सॉफ्टवेयर सेवाओं के लिए मध्यम से दीर्घकालिक दृष्टिकोण बहुत मजबूत बना हुआ है। उद्योग निकाय नैसकॉम द्वारा ऐसा ही संकेत दिया गया है।

खाद्य मुद्रास्फीति तेल की कीमतों और डॉलर की विनिमय दर में गिरावट के अलावा राजकोषीय घाटे का आकार मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति का प्रमुख योगदान है। भारत उच्च घाटे में चल रहा है और राष्ट्रीय ऋण भी बढ़ रहा है। घाटे को नियंत्रित करने के सभी प्रयास व्यर्थ प्रतीत होते हैं। बेशक, महामारी के दौरान घाटे को बढ़ाना पड़ा क्योंकि सरकार को मुफ्त भोजन, सब्सिडी वाले ऋण और पर्याप्त तरलता के रूप में आपातकालीन बचाव उपायों का उपयोग करना पड़ा लेकिन कुछ फैसलों से भौंहें तन सकती हैं। उदाहरण के लिए, 48 महीने से अधिक समय से चल रही मुफ्त खाद्यान्न योजना से सरकारी खजाने पर कुल 4.5 लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ रहा है। कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड के लिए मंत्रिमंडल ने हाल ही में 10.7 खरब रुपये के पुनरुद्धार पैकेज की घोषणा की। एक संसदीय प्रश्न के उत्तर के अनुसार पिछले 9 वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने लगभग 14.56 लाख करोड़ रुपये के खराब ऋणों को बट्टे खाते में डाल दिया है। इसके राजकोषीय निहितार्थ हैं क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा इक्विटी पूंजी बैंकों में डाली जानी है। बट्टे खाते में डालना एक कारक हो सकता है जिससे फंसे कर्ज का अनुपात कम होगा और बैंकिंग क्षेत्र की सेहत सुधरेगी लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि राजकोषीय खर्च बहुत बढ़ा हुआ है और मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ रहा है।

भारत की राजकोषीय स्थिति स्वीकार की गई स्थिति से कहीं अधिक गंभीर है। यदि हम ऋण सेवा अनुपात की तुलना करते हैं यानी सरकार के राजस्व का कितना हिस्सा कर्ज के बढ़ते पहाड़ जैसे ब्याज का भुगतान करने के लिए जाता है तो हम पाते हैं कि भारत का औसत सभी देशों के औसत से ऊपर है। उच्च घाटे के कारण ब्याज दर भी उच्च बनी रहती है जिससे आवास, अचल संपत्ति और वास्तव में सभी औद्योगिक परियोजनाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को नुकसान होता है। एक निश्चित सीमा को पार करने को अवैध बनाने की कोशिश करके भारत ने घाटे के खर्च की प्रवृत्ति को कम करने के बहुत प्रयास किए हैं। 2003 में संसद द्वारा पारित राजकोषीय उत्तरदायित्व कानून ने राजकोषीय घाटे की सीमा के रूप में सकल घरेलू उत्पाद के 3 प्रतिशत से अधिक को अवैध बना दिया। फिर भी, हकीकत यह है कि ऐसा एक वर्ष भी नहीं है जब भारत ने इस सीमा को पार नहीं किया है। इसका नतीजा यह है कि राजकोषीय जवाबदेही एवं बजट प्रबंधन कानून (फिस्कल रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड बजट मैनेजमेंट लॉ- एफआरबीएम) दंतहीन हो गया है। महामारी से ठीक पहले कानून की समीक्षा की गई थी और इसका भी कोई खास फायदा नहीं है क्योंकि कर्ज और घाटे का स्तर अर्थव्यवस्था के लिए निर्धारित स्वस्थ स्तर से कहीं अधिक है।

यह सच है कि हंगामाखेज और प्रतिस्पर्धी लोकतंत्र में मुखर समूहों और निहित स्वार्थों द्वारा अधिक खर्च करने की मांग की जा रही है। इसके शीर्ष पर मुफ्त की पेशकश करने की बढ़ती प्रवृत्ति है। इसके अलावा नई औद्योगिक नीति भी है जो उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन और आयात से सुरक्षा जैसी योजनाएं प्रदान करती है। अच्छे हों या बुरे हों, इन सभी उपायों के राजकोषीय निहितार्थ हैं जो न केवल ऋण और राजकोषीय रुख की स्थिरता को खतरे में डालते हैं बल्कि मुद्रास्फीति के दबाव को भी बढ़ाते हैं। भारत के बारहमासी राजकोषीय प्रभुत्व और बोझ के बड़े और भारी वजन को केवल मौद्रिक नीति को कड़ा करके घटाया नहीं जा सकता है। यहां तक कि यह भी सहनशीलता दिखा रहा है। भारत के लिए मुद्रास्फीति की लड़ाई वास्तव में बहुत कठिन है।

*(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)*

## कांग्रेस पार्टी की जन आक्रोश यात्रा मे उमड़ा जन सैलाब

# भ्रष्टाचार में पन्ना जिला प्रदेश में सिरमोर बन गया : यादव



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिला प्रदेश में भ्रष्टाचार के लिए सिरमोर बन गया है। इस जिले में जन प्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी सरेआम आम जनता को लूट रहे है बिना कमीशन के कोई काम नही हो रहा हैं। भगवान जुगल किशोर मंदिर परिसर में हुए निर्माण कार्य में भी भ्रष्टाचार किया गया। भाजपा की प्रदेश सरकार ने निर्माण के नाम पर ओमकारेश्वर, महाकाल तथा राम राजा सरकार परिसर में हुए निर्माण कार्य में भी भ्रष्टाचार किया है। उक्ताश्य के आरोप कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा जन आक्रोश यात्रा बुन्देलखंड के प्रभारी अरूण यादव ने स्थानीय जुगल किशोर मंदिर में आयोजित सभा को संबोंधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होने कहा कि पन्ना जिले में अजयगढ तहसील केन नदी के किनारे व्यापक स्तर पर रेत का अवैध कारोबार वर्षो से संचालित हो रहा है। प्रतिदिन 50 लाख की रेत निकाली जा रही है।

उन्होंने खनिज मंत्री और स्थानीय सांसद पर गंभीर आरोप लगाए। भाजपा के द्वारा प्रदेश में जन आशीर्वाद यात्रा निकाली जा रही है, जबकी इन्हे माफी यात्रा निकालनी चाहीए। पन्ना जिले के नेता अभिनेता, मंत्री संत्री केन नदी पर अपना समय रेत के अवैध कारोबार में गुजारते है इसलिए इस जिलें का कोई विकास नही हुआ। उन्होने कहा कि जिले का कोई विकास नही किया।

उन्होने कहा कि 2023 में क्षेत्र की जनता को एक धक्का लगाने की जरूरत है। आप का वोट राजा को रंक तथा रंक को राजा बना देता है। भगवान हमारे साथ में है, इस बार कांग्रेस पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बन रही है, आप सभी लोगो को सहयोग करना है। भाजपा की भ्रष्ट सरकार ने 18 साल मे प्रदेश को बर्बाद कर दिया है।


प्रदेश पर चार लाख करोड का कर्जा लद गया है। भुखमरी बेरोजगारी चरमसीमा पर है, इसलिए मप्र की जनता में भाजपा सरकार के प्रति भारी आक्रोश है तथा आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की भ्रष्ट सरकार जाना तय हो गया है। पन्ना जिले में भी तीनो सीटे जीतना चाहिए। जिससे क्षेत्र का विकास हो सकें। सभा को पूर्व में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह, जिला प्रभारी जीवन पटेल, पवन पटेल तथा सहप्रभारी प्रवीण खरे ने भी संबोंधित किया। उक्त सभा में अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से यात्रा के सहप्रभारी चन्द्रभूषण सिंह, गुड्डू राजा, राष्ट्रीय सचिव सीपी मित्तल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यारानी सिंह, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, केशव प्रताप सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह परमार, श्रीकांत पप्पू दीक्षित, रविन्द्र शुक्ला, भरत मिलन पान्डेय, शारदा पाठक सहित भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहें। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा के द्वारा किया गया।

इसके पूर्व श्री यादव ने सर्किट हाउस में पत्रकारो को संबोंधित किया तत्पश्चात् स्थानीय छत्रसाल पार्क से नगर के प्रमुख मार्गो कटरा बाजार, कोतवाली चौराहा, गांधी चौक, पंचम सिंह चौराहा होते हुए जन आक्रोश यात्रा जुगल किशोर मंदिर पंहुची सभा के पश्चात् यात्रा हर्षा मडला मार्ग से झिन्ना, सब्दुआ, भाभतपुर, मझंगाव होते हुए अजयगढ, बीरा से चन्दला के लिए प्रस्थान कर गई।

## थाना प्रभारी द्वारा की गई मारपीट तथा फर्जी मामला बनाने को लेकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के सलेहा थाना अन्तर्गत थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह भदौरिया की मनमानी कार्य प्रणाली को लेकर ग्रामवासियो द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को दिये गये आवेदन में उल्लेख किया है कि गत दिवस थाना प्रभारी श्री भदौरिया ने ग्राम भटिया में थाना प्रभारी सलेहा अपने स्टाफ के साथ पंहुचे तथा घर मं घुसकर महिलाओं सहित सभी के साथ मारपीट की गई तथा धारा 151 जा.फी में स्माईल खान को बन्द कर दिया, ग्रामवासियो ने बताया कि थाना प्रभारी द्वारा आये दिन फर्जी प्रकरण बनाकर धमकाया जा रहा है तथा बच्चो एवं महिलाओ के साथ मारपीट की जाती है। 20 सितम्बर 2023 को रात्रि 8.30 बजे पुनः स्टाफ सहित आए बगैर किसी सर्च वारंट एवं बगैर वरिष्ट पुलिस अधिकारियो के आदेश के अकारण कल्ली बानों के घर में घुसकर मारपीट की गई। यह कि थाना प्रभारी बार-बार पुलिस बल लेकर ग्राम भटिया में पंहुचकर ग्रामवासियो को परेशान करते हैं तथा फर्जी प्रकरण लगाकर अवैध उगाही करना इनका पेशा बन गया है। जबकी इनके संरक्षण में सलेहा थाना क्षेत्र में अवैध जुंआ, सट्टा, अवैध शराब का कारोबार को संरक्षण दिया जा रहा है। स्थानीय लोगो ने संबंधित थाना प्रभारी के उपर कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी सलेहा पर यह भी आरोप है कि उनके द्वारा विभाग द्वारा दिये गये मोबाईल नम्बर को बंद कर दिया जाता है। जिससे कोई भी सूचना देने के लिए लोग परेशान रहते है।

## बाईजू राज महारानी जी मंदिर में धूमधाम से मनाई राधाष्टमी



**पन्ना, देशबन्धु।** शुक्रवार दोपहर 12 श्री बाई जू राज महारानी जी मंदिर में राधा रानी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। सोने के विशाल सिंहासन में राधा रानी का हीरे मोती पुखराज रतन से सिंगार किया गया। जिसकी एक झलक पाने सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। सुबह से ही झीलना के साथ के साथ के साथ शुरू की गई तैयारियां सुबह से ही राधा रानी के मंदिर में जन्म उत्सव का माहौल दिखने लगा। मंदिर के पुजारियों द्वारा सर्वप्रथम मंदिर के गर्भ ग्रह में झीलना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके साथ ही जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई। सुगंधित केसर के जल व अन्य विशेष सामग्री द्वारा उक्त कार्यक्रम संपन्न किया गया। तत्पश्चात पूरा मंदिर प्रांगण विशेष खुशबू से महकने लगा। सोने के सिंहासन में विराजमान राधा रानी महारानी जी का विशेष श्रृंगार हीरा, मोती, सोने के आभूषणों से किया गया। तत्पश्चात जन्मोत्सव का कार्यक्रम शुरू हुआ और जैसे ही पर्दा खुला उपस्थित श्रद्धालु राधा रानी की एक झलक पाने के लिए बेताब रहे। राधा रानी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। उसके बाद प्रथम आरती की गई व भोग लगाया गया जो उपस्थित श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। श्रंगार ने सभी का मन मोह लिया इस अवसर पर राधा रानी महारानी जी का विशेष रूप से जोग माया का गायन हुआ। बाईजूराज जी की विशेष प्रकार के अभूषण वस्त्र आदि नें विशेष श्रृंगार किया गया जो सभी को मन मुग्ध कर दिया। महारानी जी के प्रगटन उत्सव के अवसर पर महा श्रृंगार किया गया। सुबह 12 बजे पर्दा खुलता है और महारानी जी का प्रगटन उत्सव के प्रथम दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में लग गई। चंदन, धूप और ताजे पुष्पों से लिए श्रद्धालुओं की होड़ मच जाती है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं व्दारा एक.दूसरे को बधाईयों का दौर रात तक चलता रहा। महिलाओं व युवतियों ने किया गरबा नृत्य राधा रानी के जन्मोत्सव के अवसर पर उपस्थित महिलाओं व युवतियों ने गरबा नृत्य किया वहां कुछ महिलाओं ने बधाई गीत भी गाए। इसके अलावा उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा ढोलक व मजीरा की ताल पर राधा रानी के भजन गाए। उक्त कार्यक्रम सुबह से दोपहर तक चलता रहा।

## 5 वर्ष से काम अधूरा सरपंच-सचिव ने निर्माण की राशि हड़प ली

**पन्ना, देशबन्धु।** शाहनगर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत श्याम गिरी मे आयुर्वेद औषधालय में शौचालय एवं बाउन्ड्री बाल निर्माण के लिए राशि विभाग द्वारा जारी की गई थी। लेकिन सरपंच, सचिव द्वारा उक्त कार्य पूर्ण नही कराये गये तथा राशि आहरित कर भ्रष्टाचार किया गया है। उक्त संबंध में औषधालय में पदस्थ रहे डॉ. रामभगत द्वारा जन सुनवाई में भी आवेदन दिया गया था लेकिन आज दिनांक तक उक्त कार्य अधुरा ही पडा हुआ है। स्थानीय लोगो ने बताया कि इस मामले को लेकर जनपद पंचायत शाहनगर के सीईओ प्रदीप सिंह को भी अवगत कराया गया था लेकिन उनके द्वारा भी कोई भी कार्यवाही नही की गई है। वर्तमान में पदस्थ राम भरत लोध आयुष कम्पाउन्डर द्वारा सरपंच, सचिव को पत्र लिखकर निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने की मांग की गई है।

## दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म मनाया गया



**देवरीकलां, देशबन्धु।** महाराजपुर में दशलक्षण महापर्व बड़े उत्साह से साथ मनाया जा रहा है। जिसमें श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मंदिर एवं श्री पार्शवनाथ दिगम्बर जैन छोटा मंदिर सोधिया मोहल्ला में दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म मनाया गया। जिसमें उत्तम शौच धर्म के चौथे दिन बताया गया कि दसलक्षण धर्म में उत्तम शौच धर्म को शौच कहते हैं पवित्रता को, लेकिन पवित्रता सिर्फ शरीर की नहीं। नहा धोकर साफ कपड़े पहनना शौच धर्म नहीं है, ऐसा सोचना अज्ञानता है। ग्लानिस्म पर पदार्थों से अपने को बचाना भी शौच धर्म नहीं है। पर स्त्री के प्रति अपने परिणामों में पवित्रता रखना, पर पदार्थों के प्रति निःस्पृह होना परपदार्थों की इच्छा का अभाव शौच धर्म है। रागादि रहित वीतराग भाव उत्तम शौच है। जगत के सब प्राणियों के प्रति अहिंसक भाव एवं जिसने भेद-ज्ञान कर मिथ्या मान्यता स्त्री अन्तर के मैल को धो डाला हो, ऐसा पवित्र हृदय उत्तम शौच धर्म का पालक है। समस्त सकल जैन समाज द्वारा पूजन अभिषेक, शांतिधारा, विधान कर पुण्यार्जक प्राप्त कर एवं प्रवचन व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत हुए। उत्तम शौच धर्म के उपलक्ष में अभिषेक शांतिधारा करने का सौभाग्य अभय कुमार सोधिया, अजय कुमार सोधिया, विनोद सोधिया, नीतेश कुमार सोधिया, अजित जैन खमरिया वाले को प्राप्त हुआ। सभी धर्मप्रेमी बन्धुओं ने श्री जिनेन्द्र देव की भक्ति.पूजन कर पुण्य अर्जित किया।

## 7 दिवसीय राजयोग मेडिटेशन शिविर हुआ आयोजित



**बीना, देशबन्धु।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान के ज्ञान शिखर सेवाकेंद्र की ओर से सिंधी पंचायत सिंधी धर्मशाला में सात दिवसीय राजयोग मेडिटेशन शिविर आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं को राजयोग ध्यान के साथ स्वस्थ रहने के लिए फिजिकल एक्टीविटीज कराई गईं और जरूरी टिप्स दिए। समापन पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए इसे बहुत जरूरी बताया। शिविर में युवा प्रभाग की क्षेत्रीय समन्वयक बीके जानकी दीदी ने कहा कि स्व चिंतन, आत्म निरीक्षण राजयोग मेडिटेशन की पहली सीढ़ी है।

राजयोग सिखाता है कि हमारे विचारों की क्वालिटी कैसे हो, हम सकारात्मक कैसे सोचें, मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा कैसे बढ़ाएं। हम सभी मूल रूप में आत्मा हैं। आत्मा के पिता निराकार ज्योतिर्बिंदू परमात्मा हैं। प्रत्येक मनुष्य आत्मा इस सृष्टि रूपी रंगमंच पर अपने पार्ट अनुसार आती है और अपना रोल प्ले करती है। मन, बुद्धि और संस्कार आत्मा की तीन मुख्य शक्तियां हैं। मन सोचने का कार्य करता है, बुद्धि सही गलत का निर्णय करती है। जब किसी कर्म को बार-बार या एक से अधिक बार किया जाता है तो वह हमारा संस्कार बन जाता है। हमारे संस्कार हमारा संसार और भाग्य बनाते हैं। बीना सेवाकेंद्र संचालिका बीके सरोज दीदी ने सभी से राजयोग को प्रैक्टिकल जीवन में अपनाने का आह्वान किया। शिविर में सिंधी समाज की महिलाओं ने भाग लिया।

## जिला स्तरीय खेलों एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता बालिका वर्ग में आयोजित



**सागर, देशबन्धु।** खेलों एमपी यूथ गेम्स 2023 का चार चरणों में आयोजित किया जाना था, जिसमें प्रथम चरण में विकासखंड स्तर पर चयन स्पर्धा उपरांत 21 सितंबर को द्वितीय चरण जिला स्तरीय खेलों एमपी यूथ गेम्स 2023 में खेल परिसर में बालिका वर्ग में 18 खेलों फुटवाल, हॉकी, बास्केटवाल, वेटलिफ्टिंग, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, वाक्सिंग, जूडो एवं मलखंब, एथलेटिक्स, कबड्डी, व्हालीवाल, खो-खो, बैडमिंटन, तैराकी, शतरंज, योगासन एवं कुश्ती में आयोजन किया गया। आयोजन में समस्त 11 विकासखंडों की बालिका वर्ग में लगभग 600 खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला योगासन संघ अरूण साओ, सचिव जिला योगासन संघ भगत सिंह ठाकुर, वरिष्ठ समाजसेवी वीनू राणा एवं सचिव जिला हॉकी संघ मकसूद खान की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी चयनित प्रतिभागी 28 एवं 29 सितम्बर को आयोजित संभाग सतरीय प्रतियोगिता जिसमें सागर संभाग के समस्त जिले सहभागिता करेंगे।

## सेवानिवृत्ति राजस्व निरीक्षक जगदीश शर्मा का निधन



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना शहर के टिकुरिया मोहल्ला निवासी नगर पालिका पन्ना के सेवानिवृत राजस्व निरीक्षक जगदीश प्रसाद शर्मा का विगत 20 सितंबर को दुःखद निधन हो गया। श्री शर्मा 76 वर्ष के थे। शिवाली शर्मा, सौरभ शर्मा, सुमित शर्मा के पिताजी थे। श्री शर्मा के निधन पर शहर के गणमान्य नागरिकों नगर पालिका के कर्मचारी समाज सेवियों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांत के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शोभायात्रा आज



**छतरपुर, देशबन्धु।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यादव महासभा द्वारा नगर में भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा 23 सितम्बर को निकाली जाएगी। यादव महासभा की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा 23 सितम्बर को दोपहर 12 बजे मेला ग्राउंड से प्रारम्भ होगी। जिलेभर के समाज बंधु और नारी शक्ति पहले मेला ग्राउंड में एकत्र होंगे फिर दोपहर में यहां से शोभायात्रा शुरू होगी। शोभायात्रा छत्रसाल चौक, महल, चौक बाजार, हटवारा होकर बस स्टैंड पहुंच कर धन्यवाद सभा में बदल जाएगी। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण के जीवंत स्वरूप और ग्वाल-बालों द्वारा मटकीफोड़ कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। रास्तेभर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा।

## ट्रक से डीजल चोरी



**बड़ा मलहरा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र बड़ा मलहरा में इन दोनों चोर सक्रिय हो गए हैं बड़ा मलहरा के नेशनल हाईवे रोड पर बीती रात सड़क के किनारे खडे ट्रक में से अज्ञात डीजल टंकी का नट बोल्ट खोलकर समूचा डीजल चोरी कर ले गए ट्रक के मालिक वीरेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया मेरे दरवाजे के सामने ट्रक ट्राला खड़ा था ड्राइवर घर चला गया था रात्रि में अज्ञात चोर आए और उन्होंने सटक लगाकर टैंक में भरा 135 लीटर डीजल चोरी कर ले गए सुबह जब ड्राइवर आया उसने गाड़ी स्टार्ट की गाड़ी स्टार्ट नहीं हुईदेखा तो डीजल की टंकी में एक बूंद भी तेल नहीं था बड़ा मलहरा थाने में सूचना दी गई। उल्लेखनीय है कई वर्षों से अज्ञात चोर रात्रि में आते हैं खड़े ट्रैकों का डीजल टंकी से डीजल लेकर चले जाते हैं अनेकों बार थाने में रिपोर्ट की गई मगर आज तक चोरों का पता नहीं लग पाया इस तरह की घटना से व्यापारियों में दहशत फैल गई है।


### कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्रं./जलप्रदाय/न.नि/2023/31,32 सागर दिनांक 22.09.2023

//ऑनलाईन निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र की अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_UAD_310439_1 22-09-2023 | गांधीचौक वार्ड में बकोली के नीचे मुन्ना गौतम के मकान के पीछे 200 एमएम डाया नलकूप खनन का कार्य पंप स्थापन सहित | 01 माह 4,21,000=00 | 2,000.00 4,210=00 | 13-10-2023 शाम 05:30 तक |
| 2. | 2023_UAD_310441_1 22-09-2023 | मोहन नगर वार्ड कैलाश फर्श देवेन्द्र साहू तिगड्डा के पास निर्माणाधीन सामूदायिक भवन में 200 एमएम डाया नलकूप खनन का कार्य पंप स्थापना सहित | 01 माह 2,97,600=00 | 2,000.00 2,976=00 | 13-10-2023 शाम 05:30 तक |

नोटः- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन **https://mptenders.gov.in** की बेवसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर**



### OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL, CHHATARPUR (M.P.)

N.I.T.No./9240/e-tendering/2023 Chhatarpur, Date19.09. 2023

**Notice Inviting e-Tender**

Online percentage rate bids basis on "Jila Chhatarpur Tent House Association Rate List June 2015" for the following work are invite from registred contractor and Firms of repute fulfilling registration criteria.

| Sr. No. | Tender No. | Name of Work | Provable Amount (Rs. In Lakhs) | EMD Amount | Cost Of Bid Document |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 309927 22.09.23 | Providing, Fixing, Removing and Transportasion Of Tent house material on rental basis for Jal Vihar Mela event for year 2023 in the Municipal Area Chhatarpur | 05.00 Lakhs | 5000/- | 2000/- |

**Note:-** Social Organization having experience of undertakin similar work can also participate in this tender.

1. Interested bidders can view the detailed NIT & Other document on website http:/www.mptenders.gov.in/ (Department Name: "Urban Devlopment Department").
2. The Bid Document can be purchased Only Online From..22.09.2023 (Time) 10.30. (Date) To 07.10.2023 (Time)05.30 (Date).
3. The Bid Document can be submitted online last us to dated 07.10.2023 Time. 05.30
4. Bid Open Date 09.10.2023 Time 11.00.
5. Amendments to NT, If Any would be published on website and newspaper.
6. All tax included in the Rate Coated by the contractor.

**Chief Municipal Officer**
**Nagar Palika Parishad Chhatarpur (M.P.)**



### न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.

आदेशिका क्र. 198/2023 पन्ना दिनांक 11 सितम्बर 2023

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**नोटिस दाताः**- मनोज नामदेव उम्र 22 वर्ष पुत्र श्री किशुनलाल नामदेव, निवासी ग्राम मोहरा पोस्ट जसवंतपुरा तहसील अमानगंज जिला पन्ना मध्यप्रदेश

**एवं**

संगीता आदिवासी उम्र 20 वर्ष पुत्री श्री सुन्दरलाल, निवासी ग्राम गरदरा पोस्ट पिपरवाह तहसील अमान जिला पन्ना मध्यप्रदेश

इस नोटिस के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि द्वारा लिखित रुप में इस उद्घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि के सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नहीं की जाएगी।

उद्घोषणा के साथ द्वितीय अनुसूची **'आशयित विवाह की सूचना'** संलग्न कर भेजी जा रही है। उद्घोषणा का विधिवत् प्रकाशन कराया जाए एवं वाद तामील इस न्यायालय को भेजी जाए।

उद्घोषणा आज दिनांक 11 सितम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई।

संलग्न- आशायित विवाह की सूचना

प्रकरण में सुनवाई तिथि-12 अक्टूबर 2023

**अपर कलेक्टर एवं**
**विवाह अधिकारी, पन्ना मध्यप्रदेश**



### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सागर

क्रमांक क/0155/रीडर-1/2022-23 सागर, दिनांक 16/09/2023

रा.प्र.क्रं./ 0155/अपील वर्ष 2023-24

मौजा-सागरखास तह. सागर

1-शंकर यादव पिता विजय सिंह यादव
निवासी शास्त्रीवार्ड सागरतह.व जिला-सागर.............................. अपीलार्थी

**विरूद्व**

1. श्रीमती जानकी पत्नि स्व. विनोद यादव, 2. विशाल पिता स्व. विनोद यादव, 3. ऐश्वर्या पुत्री स्व. विनोद यादव, 4. प्रांजिल पुत्री स्व. विनोद यादव, 5. प्रांसी पुत्री स्व. विनोद यादव सभी निवासी चन्द्रशेखर वार्ड सागर
तह. सागर, जिला सागर................................................प्रतिअपीलार्थीगण

**इस्तहार**

सर्व साधारण को इस्ताहर के जरिये सूचित किया जाता हैं, कि अपीलार्थी शंकर यादव पिता विजयसिंह यादव एवं 03 अन्य सभी निवासी - शास्त्रीवार्ड सागर तह. व जिला - सागर द्वारा अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार नगर सागर द्वारा रा.प्र.क्रं. 0643 अ / 6 वर्ष 2021-22 में पारित आदेश दिनांक 05.03.2022 से परिवेदित होकर मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-44 (1) के तहत अपील प्रस्तुत की है ।

अपीलार्थी द्वारा मौजा - करीला में स्थित भूमि खसरा नंबर 23 / 2 रकवा - 358वर्गमीटर भूमि पंजीकृत बसीयतनामा दिनांक 17-07-2019 के माध्यम से प्रमाणीकरण हेतु अपील प्रस्तुत की गई है। जिसका नामांतरण अपील प्रकरण के माध्यम से किया जाना है। उक्त नामांतरण में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई उजर आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति पेशी दिनांक **03.10.2023** को न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। पेशी निकल जाने के उपरांत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक **06.09.2023,**
पेशी दिनांक **03.10.2023**

**अनुविभागीय अधिकारी**
**( राजस्व ) सागर**



### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो. नि.वि. ( भ/स ) संभाग क्र.1 सागर

फोन नं. 07582-222296 ईमेल आईडी. eepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं.-17/2023-24/ केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर दिनांक 20.09.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू.में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2023_PWDRB_ 309548_1 | ग्राम अमनावी से करीला गांव तक पहुंच मार्ग पर 1 नग पुलिया निर्माण कार्य लं. 0.050 अनुमानित लागत 84.08 लाख | सागर | 8408000/- | 84080/- | 10000/- | 03 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| | | | | 8408000/- | | | | |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 21.09.2023 समय 10.00 से दिनांक 30.09.2023 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-20002/23

**कार्यपालन यंत्री**
**लो. नि.वि. ( भ./स. ) संभाग क्र.1 सागर**

### दिगौड़ा क्षेत्र में जन आशीर्वाद यात्रा का कई स्थानों पर किया गया जोरदार स्वागत,

# टिकट के दावेदारों ने समर्थकों के साथ दिखाई दावेदारी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र के दिगौड़ा में भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा निर्धारित समय के बाद पहुँची। इस यात्रा के दौरान मंडी परिसर में आज सैकड़ों की संख्या में ही लोग पहुंचे। इस यात्रा का अनेक स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं, सरपंचों व जनता के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री राजेन्द्र शुक्ल, मंत्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री नंदराम कुशवाहा, विधायक हरीशंकर खटीक, विधायक शिशुपाल यादव, जिलाध्यक्ष अमित नुना, भाजपा नेता गनेशीलाल नायक, अनिल पांडे, प्रमोद यादव शामिल रहे। दिगौड़ा के मंडी परिसर में यात्रा की सभा आयोजित की गईए जिसमें सर्वप्रथम पृथ्वीपुर विधायक शिशुपाल यादव ने जनता को संबोधित किया। उसके बाद यात्रा के प्रभारी पूर्व विधायक गुड्डन पाठक द्वारा संबोधित किया गया और जब मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह अपना भाषण से जनता को संबोधित कर रहे थे, उसी समय तेज बारिश होने के कारण धीरे-धीरे वहां से अधिकांश जनता वापस चली गई। मंडी परिसर में पानी से बचने के लिए टेंट नहीं लगाया गया था। बीच का मैदान पूरा खाली था। अगल बगल में टेंट की व्यवस्था की गई थी जिसमें जनता पहुंच गई थी और वह टेंट भी वाटर प्रूफ नहीं होने से लोग बारिश के पानी से भीग गए और अधिकांश लोग सभा को छोड़कर वापिस चले गए। यह जन आशीर्वाद यात्रा जतारा विधानसभा के लिधौरा नगर से होते हुए पृथ्वीपुर विधानसभा की ग्राम पंचायत खरोई में पहुंची, जहां पर भाजपा वरिष्ठ नेता गनेशी लाल नायक,प्रमोद यादव, अनिल पांडे,अपने समर्थकों के साथ पहले पहुंच गए थे। मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह व विधायक शिशुपाल यादव, नंदराम कुशवाहा बाद में पहुंचे। जन आशीर्वाद यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया। इस दौरान भाजयुमो अध्यक्ष प्रताप सिंह, रूपेश श्रीवास्तव, कीरत घोष, अभिनव घोष, टाइगर केवट सहित अनेक लोगों ने जोरदार स्वागत किया।

### मंडी भवन में आयोजित सभा के दौरान हुई तेज बारिश के कारण जनता लौटी

ग्राम खरोई से जन आशीर्वाद के रथ में विधायक शिशुपाल यादव, गनेशीलाल नायक, अनिल पांडे, प्रमोद यादव पहुंचे, वहाँ से इन नेताओं ने जनता का आशीर्वाद लेते हुए यह यात्रा दिगौड़ा में पहुँची, जहां पर संतोषी माता के सामने परशुराम संज्ञा, समाजसेवी रमाशंकर पस्तोर, नरेश यादव, विजय घोष, श्यामलाल चढ़ार जनपद सदस्य सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और साथ ही सरपंच परसादी चढ़ार, अमित चौबे सहित कई लोगों ने जन आशीर्वाद यात्रा पर पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान गांव के वरिष्ठ समाजसेवी रमाशंकर पस्तौर ने मंत्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह को दिगौडा तालाब को हरपुरा नहर से जोड़ने, एसडीएम लिंक कोर्ट लगाने, दिगौड़ा को नगर पंचायत बनान, डिग्री कालेज सहित कई प्रमुख मांगो के लिए ज्ञापन दिया।

### चुनाव लड़ने की अटकलों को राज्य मंत्री लोधी ने किया खारिज, कहा-

# अफवाह फैलाकर जनता को भ्रमित कर रहे विपक्ष के लोग



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के कुटीर उद्योग राज्य मंत्री व खरगापुर विधायक राहुल सिंह लोधी ने बड़ा मलहरा से विधानसभा चुनाव लड़ने की अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि बड़ा मलहरा से प्रदुम्न सिंह लोधी चुनाव लड़ेंगे और मैं खरगापुर से ही विधानसभा का चुनाव लड़ूंगा। दरअसल, विधानसभा चुनाव से पहले खरगापुर विधायक राहुल सिंह लोधी के सीट बदलने की अटकलें लगाई जा रही थी। बीते दिनों बड़ा मलहरा में बागेश्वर धाम के महंत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा के दौरान पूर्व सीएम उमा भारती ने उनसे मुलाकात की थी। इस दौरान उमा भारती के साथ राहुल सिंह लोधी और प्रथम सिंह लोधी भी मौजूद थे। खरगापुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी नेता भी लगातार सभाओं के दौरान राहुल लोधी के सीट बदलने को लेकर बयान दे चुके हैं। इस संबंध में शुक्रवार को जब राहुल सिंह लोधी से पूछा गया तो उन्होंने साफतौर पर कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव वह खरगापुर से ही लड़ेंगे। बड़ा मलहरा से चुनाव लड़ने का कोई इरादा नहीं है। बड़ा मलहरा से वर्तमान विधायक प्रद्युम्न सिंह भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे।

राज्य मंत्री राहुल सिंह लोधी ने कहा कि विपक्ष के लोग मेरे बड़ा मलहरा से चुनाव लड़ने को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। कांग्रेस के लोग चाहते हैं कि इस तरह की अफवाह से प्रद्युम्न लोधी और मेरे बीच मनमुटाव पैदा हो सके। जबकि ऐसा नहीं है। आगामी विधानसभा चुनाव खरगापुर से ही लड़ूंगा।

# भाजपा नेता बोले: ऐतिहासिक कार्यों से मिल रहा जनता का अभूतपूर्व समर्थन



**पलेरा, देशबन्धु।** जिले में भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा गुरुवार को जतारा विधानसभा के ग्राम संजयनगर में जनता जनार्दन के भारी उत्साह के बीच जतारा की ओर प्रस्थान कर गयी। जतारा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि आज भाजपा जन आशीर्वाद यात्रा इसलिए निकाल रही है क्योंकि मध्यप्रदेश में 2003 से सत्ता में कबिज सरकार ने प्रदेश को बीमारू राज्य से बाहर निकाल कर विकसित श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि हमारे प्रदेश में उमा जी से लेकर शिवराज सिंह चौहान तक मुख्यमंत्री ने जनता के सेवक की भूमिका निभाई क्योंकि हमारा उद्देश्य सत्ता के जरिये जन सेवा करना है। वहीं कांग्रेस ने 15 माह की सरकार में बता दिया कि वह सिर्फ सत्ता लोलुपता की खातिर सरकार में आई थी। जिसने सिर्फ झूठे वादे और दावे किए दूसरी तरफ प्रदेश की जनकल्याण की योजनाओं को बंद कर जनता से एक तरह का बदला लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता आत्मसम्मानि है पर अति महत्वाकांक्षी नहीं है। मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने पार्टी छोड़कर जाने वालों के लिए जोरदार कटाक्ष करते कहा कि जिसकी किस्मत खराब है उसके लिए क्या किया जा सकता है। ऐसे लोगों को पार्टी बदलने पर भी कुछ मिलने वाला नहीं। मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने जतारा विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों को लेकर वर्तमान विधायक हरिशंकर खटीक की जमकर तारीफकरते हुए कहा कि इस बार जतारा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की दम पर हरिशंकर खटीक ऐतिहासिक जीत हासिल करेंगे। आमसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री एवं जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि पार्टी से बड़ा व्यक्ति नहीं व्यक्ति की पहचान ही पार्टी है। विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि हम हर वर्ग के लिए हर समय योजनाओं के क्रियान्वयन में लगे रहते हैं। एक तरफदेश प्रदेश का विकास तो दूसरी तरफ देश प्रदेश का सम्मान आज जी 20 जैसे आयोजनों से भारत पुनः विश्वगुरु की नजर से दुनिया मे पहचाना जा रहा हमारे नेता ही नहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दुनिया का नेतृत्व कर रहे हैं। यह देश वासियों के लिए गौरव का क्षण है, दूसरी तरफ एक ऐसा गठबंधन जिसकी न नीति है न ही नेता और न ही नियत यह सब सिर्फअपने क्षेत्रों में अपने परिवार को बढ़ाने के लिए राजनीति कर रहे हैं। जबकि भाजपा देश को आगे ले जाने के लिए काम कर रही और बीते 2 दशक में मध्यप्रदेश तथा 10 साल में देश ने प्रगति का जो रास्ता तय किया आज उसी रास्ते से हम जनता का आशीर्वाद लेने निकले हैं। विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा को जो समर्थन तथा जनता का स्नेह मिल रहा है वह संकेत है कि भारतीय जनता पार्टी की पुनः प्रदेश और देश मे भारी बहुमत से सरकार बनेगी। इस मौके पर राज्यमंत्री राहुल सिंह, टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी गोस्वामी, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराग नायक, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील खटीक, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक समेत तमाम भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्राम गोवा में विकास यात्रा का जोरदार स्वागत

# ग्राम पंचायत अस्तोंन को विधायक राकेश गिरी ने दी ढेरों सौगातें



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मेरा प्रयास यही रहा हैं कि विधानसभा के हर ग्राम पंचायत में प्रत्येक व्यक्ति को शासन की योजनाओं को लाभ पहुंचे ।विधानसभा में शुद्ध पेय जल, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं सहित हर सुविधा ग्रामीण तक पहुंचे। जिसको लेकर मेरे द्वारा विधानसभा क्षेत्र के हर ग्राम पंचायत में विकास कार्य जारी है। यह बात विधायक राकेश गिरी ने ग्राम पंचायत अस्तोंन में भूमि पूजन के दौरान कही,जहां शुक्रवार के दिन विधायक राकेश गिरी ने टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अस्तोंन में पहुंचकर 29 लाख रुपए के विकास कार्यों का विधि विधान से ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों के साथ भूमि पूजन किया। वहीं उन्होंने ग्राम पंचायत अस्तोंन में स्थित देव जी मंदिर पहुंचकर दर्शन कर क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही विधायक राकेश गिरी ने सभी ग्राम वासियों को संबोधित किया। ग्राम वासियों द्वारा लगातार क्षेत्र में लगातार विकास निर्माण कार्यों को लेकर मांग की जा रही थी जिसको लेकर आज ग्राम पंचायत अस्तोंन के उप स्वास्थ्य केंद्र की बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य 10 लाख रुपए, देवी जी मंदिर महामान मोहल्ला में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 5 लाख रुपए, शंकर जी मंदिर कुशमाडिया के लिए 2 लाख रुपए, शंकर जी मंदिर पार्क निर्माण कार्य 10 लाख रुपए,सागरवारा तिगेला पर दलान निर्माण कार्य 2 लाख रुपए, शहर 29 लाख रुपए के आज विधि विधान से भूमि पूजन कर दिए गए अब यह का निर्माण जल्द ही शुरू कर दिया जाएंगे। इसके साथ ही ग्राम में महेंद्र लोधी के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर विधायक राकेश गिरी का फ लों से तोलादान किया गया सभी ग्राम वासियों ने विधायक राकेश गिरी का फूल मालाओं से स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रवीण नामदेव, हरीश अहिरवार, प्रताप लोधी, महेंद्र लोधी,शैलनेद्र दुवे,रवि, सिट्टन, राकेश लोधी,दुली चंद्र,जटा शंकर, अभय सोनी, सरपंच पुष्पेंद्र यादव,गणेशा विषक्रमा,जगदीश लोधी,नारायण लोधी सहित ग्राम वासी मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस पूर्व परेड शिविर में दिशा सिंह परिहार चयनित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टीकमगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका कु. दिशा सिंह परिहार बीए तृतीय वर्ष का चयन गणतंत्र दिवस पूर्वपरेड शिविर में विश्वविद्यालय स्तर पर हुआ है। युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के 200 प्रतिभागियों का दल भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज राजपथ पर सभी दलों के साथ परेड में सम्मिलित होता है। विभाग के निर्देशानुसार जनवरी 2024 में परेड के लिए सिर्फ छात्राओं का दल ही परेड में सम्मिलित होगा। विश्वविद्यालय स्तर पर चयन के लिए जिले से पांच छात्राओं का चयन किया गया था किन्तु महिला कार्यक्रम अधिकारी का सहयोग न मिल पाने के कारण सिर्फ दो ही छात्रायें अपने परिवारजनों के साथ जाकर विश्वविद्यालय स्तर के चयन में प्रतिभागी हुईं, जिनमें प्रियंका अहिरवार विधि महाविद्यालय टीकमगढ़ एवं दिशा सिंह परिहार प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हो सकी। लखनऊ में एक सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात चयनित विद्यार्थी एक महीने का कठिन प्रशिक्षण प्राप्त कर गणतंत्र दिवस परेड में सम्मिलित होंगे। दिशा सिंह परिहार की सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ इंद्रजीत जैन, डॉ एबी खरे, डॉ केसी जैन, डॉ प्रियंका मेहरा, डॉ अखिलेश अहिरवार, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अभिमन्यु प्रसाद, डॉ मुकेश कुमार अहिरवार, कृष्ण कुमार सोनी, डॉ दीपिका स्वर्णकार, डॉ प्रेमलता शाक्यवार के अतिरिक्त छात्र-छात्राओं ने दिशा सिंह परिहार की सफलता पर शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी संतोष सिंह परिहार एवं श्रीमती लवली लता बुंदेला (व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंडेश्वर) की पुत्री कु. दिशा सिंह परिहार पूर्व में भी कई कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त की है एवं महाविद्यालय के रक्तदान शिविर में रक्तदान करके भी महाविद्यालय एवं परिवार जनों को गौरवान्वित की है।

# 5 हजार के इनामी वारंटी को किया गिरफ्तार



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा इनामी/फरारी/ स्थाई वारंटीयों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एएसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना जतारा पुलिस ने वर्ष 2012 के चोरी के मामले में फ़रार 5000/ रुपए के इनामी स्थायी वारंटी पप्पू उर्फ़ घनश्याम पुत्र नारायण दास अहिरवार निवासी लाखरोंन थाना दिगोड़ा को गिरफ़्तार किया गया। उक्त आरोपी का माननीय न्यायालय द्वारा दो प्रकरण में स्थायी वारंट जारी किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जतारा निरीक्षक अरविंद सिंह दाँगी,आर. मनोज यादव,आर. धीरेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### बुंदेलखंड पीठाधीश्वर ने किया भेड़ फॉर्म का निरीक्षण

# गौ अभ्यारण्य के लिए पर्याप्त इंतजाम : पीठाधीश्वर



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय से लगे मिनौरा भेड़ फॉर्म की करीब 750 एकड़ जमीन में गौ अभयारण्य बनाए जाने की मांग की जा रही है। शुक्रवार को बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज ने गौ सेवकों के साथ भेड़ फॉर्म का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां गायों के लिए पर्याप्त संसाधन है। गौ अभयारण्य बन जाने से हजारों गोवंश को रखा जा सकता है। दरअसल, जिले में गोवंश की दुर्दशा को लेकर साधु संत और गौ सेवक चिंतित हैं। इस मुद्दे को लेकर बीते दिनों महंत सीताराम दास महाराज ने कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन किया था। इसके पहले संत देव स्वरूपानंद महाराज दो बार अनिश्चितकालीन धरना दे चुके हैं। बावजूद इसके जिला प्रशासन की ओर से सड़क पर घूम रहे निराश्रित गोवंश को सुरक्षित स्थान पर नहीं पहुंचाया जा रहा है। चार दिन पहले महंत सीताराम दास महाराज ने इस संबंध में कलेक्टर अवधेश शर्मा से मुलाकात की थी। उन्होंने मिनौरा भेड़ फॉर्म की 750 एकड़ जमीन में गौ अभयारण्य बनाने की मांग की थी। आज निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि जल्द ही जिले के तीनों विधायकों के साथ दोबारा फार्म का भ्रमण करेंगे। ताकि गौ अभयारण्य बनाए जाने की प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू हो सके।

### केंद्रीय मंत्री ने सीएम को लिखा पत्र

मिनौरा भेड़ फॉर्म में गौ अभयारण्य बनाए जाने के संबंध में केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम पत्र लिखा है। कलेक्टर अवधेश शर्मा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री के पत्र के आधार पर इसका प्रस्ताव बनाकर भोपाल भेजा गया है। शासन स्तर से अनुमति मिलने के बाद गौ अभयारण्य बनाए जाने के संबंध में आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

### गौ अभ्यारण्य के लिए पर्याप्त संसाधन

मिनौरा भेड़ फॉर्म में वर्तमान में भूसे के लिए तीन गोदाम बने हैं। पानी के लिए तीन तलैया और तीन बोर हैं। इसके अलावा भेड़ फॉर्म के अंदर से ही हरपुरा नहर निकली है और पास में ही जामनी नदी है। बहुत बड़े क्षेत्रफल में हरी घास उगाई जा रही है। गायों को चलने के लिए सैकड़ो एकड़ जमीन और जंगल है।

# महिला आरक्षण बिल: आज सारा हिंदुस्तान खुशी व गर्व का अनुभव कर रहा है: गिरी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारतीय जनता महिला मोर्चा द्वारा स्थानीय सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से भाजपा जिलाअध्यक्ष अमित नुना, विधायक राकेश गिरी, महिला मोर्चा जिलाअध्यक्ष भाजपा विभा श्रीवास्तव व मीडिया संयोजक स्वप्निल तिवारी रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना ने बताया कि यह भारत के अमृतकाल महोत्सव में ऐतिहासिक क्षण है कि पूरी दुनिया में लिंग समानता का सकारात्मक संदेश देते हुए ,धरातल पर महिला आरक्षण बिल लागू कर स्वर्णिम कदम उठाया है। महिला आरक्षण बिल के मुताबिक, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत रिजर्वेशन लागू किया जाएगा। लोकसभा की 543 सीटों में से 181 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी,यह बिल लोकसभा में दो तिहाई बहुमत से पास हुआ, ये रिजर्वेशन 15 साल तक रहेगा। विधायक राकेश गिरी ने पत्रकारों को बताया कि भाजपा सरकार, मोदी सरकार के प्रयास से महिला आरक्षण बिल लोकसभा व राज्यसभा में पूर्ण बहुमत में पास हुआ है, सारा हिंदुस्तान खुशी व गर्व का अनुभव कर रहा है। भाजपा पार्टी की सरकार, मोदी सरकार या चाहे शिवराज सरकार हो महिलाओं के हक व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें कुशल वैश्विक मंच प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहे है, मध्य प्रदेश की विधानसभा में महिला आरक्षण बिल लागू होने पर 75 से 80 के बीच में महिलाओं के लिए विधानसभा सीट सुरक्षित रखी जाएगी। महिला मोर्चा जिलाअध्यक्ष विभा श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हम सारी महिलाओं की तरफसे भाजपा सरकार,मोदी सरकार को धन्यवाद देना चाहते हैं जो महिलाओं के हक में मानसून सत्र की शुरुआत में ऐतिहासिक निर्णय लेकर देश की महिलाओं के सुनहरे भविष्य को सुरक्षित किया, अब संसद के सदनों में महिलाएं अपने अधिकार की बात बहुमत के साथ रखकर उसे लागू कर सकेंगीं व अब पुरुषों के समान प्रतिनिधित्व कर देश का नाम रोशन कर सकेंगीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रफुल्ल द्विवेदी, महिला मोर्चा महामंत्री पूनम परमार,मीरा खरे सहित पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

### महिलाओं के भविष्य को सुरक्षित किया

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विभा श्रीवास्तव ने कहा कि हम सारी महिलाएं मोदी सरकार को धन्यवाद देना चाहती हैं। उन्होंने ऐतिहासिक निर्णय लेकर देश की महिलाओं के सुनहरे भविष्य को सुरक्षित किया है। अब संसद के सदनों में महिलाएं अपने अधिकार की बात बहुमत के साथ रखकर उसे लागू कर सकेंगीं।

### कांग्रेस पर लगाए महिलाओं के अपमान के आरोप

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना ने कहा कि आजादी के 60 सालों में कांग्रेस ने महिलाओं को सिर्फअपमानित किया है। कांग्रेस के बड़े नेता कभी टंच माल तो कभी आइटम कहकर उनका अपमान करते रहते हैं।

## सार समाचार

### आकांक्षी जिला के तहत मिशन सुनहरा कल के मॉडल विलेज में एमटी एवं व्हीआरपी का भ्रमण




**दमोह देशबन्धु।** नीति आयोग आईटीसी मिशन सुनहरा कल द्वारा आई.टी.सी. के मॉडल विलेज में एम.टी. एवं व्ही.आर.पी. का भ्रमण एफएफएस. विलेज सिंगपुर व रामगढा विकासखंड पटेरा जिला दमोह में आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी डी.के. साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आर.के. तिवारी, बी.एस. अजमानी, आर.एस. रैकवार एवं बी.टी.एम. एम.के. भारती द्वारा खरीफसीजन में मुख्य रूप से बुआई की जाने वाली धान व दलहनी फसलों के बारे में गॉव के किसानों से विस्तार से चर्चा की। आई.टी.सी. मिशन सुनहरा कल द्वारा बनाई गई कृषि कार्यमाला के आधार पर खेती कर रहे मॉडल विलेज के किसानों के डेमो प्लॉट का भ्रमण कर खेत पर कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा आई.टी.सी. मिशन सुनहरा कल द्वारा बनाई गई कृषि कार्यमाला के आधार पर कम लागत में अधिक उत्पादन कैसे लिया जाये के बारे में विस्तार से बताया गया तथा गांव के अन्य किसानो को भी इस प्रकार की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान कृषि विभाग की प्रमुख योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

केंद्रीय राज्यमंत्री पटेल की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम

# कुंडलपुर के ऐतिहासिक मठ में धूमधाम से विराजमान हुई माता रुक्मणि



**दमोह देशबन्धु।** यह हमारी पहचान थी, हमारी सबसे बड़ी पूंजी थी, सबसे बड़ी आस्था थी हमारी श्रद्धा थी दो दशक से ज्यादा से एक-एक आदमी इस बात के लिए दुखी होता था, दमोह में आने से लोग खुश हुए लेकिन संतुष्ट नहीं हुए आज का दिन दमोह के उन सनातन परंपराओं के मानने वाले हो या ना मानने वाले जो विरासत के तौर पर माता रुक्मणी के विग्रह को देखते हैं आज सब खुश हैं। मैं इस बात के लिए अगर किसी को धन्यवाद दूंगा, आभार व्यक्त करूंगा प्रधानमंत्री का क्योंकि प्रधानमंत्री अगर यह तय न करते कि यह मूर्ति मिलने के बाद यह विदिशा के ग्यारसपुर के म्यूजियम में रखी हुई थी ऐसी ही रहती। इस आशय के विचार केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने माता रूक्मणी के प्रतिमा के पुर्नस्थापना महोत्सव के दौरान व्यक्त किये। इस मौके पर पुष्पलता पटेल, म.प्र. वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष राहुल सिंह, विधायक हटा पीएल तंतुवाय, विधायक विधायक जबेरा धर्मेन्द्र सिंह लोधी, विधायक दमोह अजय टंडन, विधायक पथरिया रामबाई सिंह परिहार, महंत हरि प्रपन्नदास जी मौजूद थे। प्रसिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर के ऐतिहासिक रुक्मणि मठ में राधा अष्ठमी के शुभ अवसर माता रुक्मणी जी की प्राचीन प्रतिमा केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल की उपस्थिति में विधि विधान से स्थापित कर पुर्नस्थापना महोत्सव मनाया गया। बांदकपुर में केन्द्रीय राज्यमंत्री पटेल ने सपत्नीक पुष्पलता पटेल के साथ माता रूक्मणी का बड़ी खुशी और प्रसन्नता के साथ स्वागत किया। यात्रा बांदकपुर होते हुये हिण्डोरिया पहुंची जहां म.प्र. वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष राहुल सिंह, विधायक हटा पीएल तंतुवाय ने प्रतिमा यात्रा का स्वागत और सम्मान किया। कुण्डलपुर मंदिर परिसर पर प्रतिमा पहुंचते ही जयकारों के साथ पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व वित्तमंत्री जयंत कुमार मलैया ने बांदकपुर और कुण्डलपुर में पुष्पवर्षा कर प्रतिमा का स्वागत किया। प्रतिमा यात्रा का विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों, गणमान्य नागरिकों और मीडियाजनों द्वारा स्वागत बंदन किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र बजाज, संजय राय, केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री पटेल के निज सचिव आरके पटले, सहायक निज सचिव राजकुमार सिंह, पूर्व विधायक लखन पटेल, पूर्व विधायक उमादेवी खटीक, पं. सतीष तिवारी, रामेश्वर चौधरी, अनुरागबर्धन सिंह हजारी, विद्यासागर पाण्डे पं. नरेन्द्र व्यास, रूपेश सेन, कविता बजाज, भरत यादव, पं. कृपाल पाठक, पं. नरेद्र दुबे, मोन्टी रैकवार, सोमेश गुप्ता, अनुपम सोनी, मालती असाटी, विक्रांत गुप्ता, कैलाश शैलार, महेन्द्र दुबे, रामकली तंतुवाय, शंकरलाल कोरी, लखन तंतुवाय, पंचायत जन प्रतिनिधि और सम्मानीय मीडियाजन सहित कई जनप्रतिनिधिऔर एएसआई के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों ने ग्राम पंचायत मलवारा में किया महिला चौपाल कार्यक्रम



**दमोह/हटा देशबन्धु।** हटा ब्लॉक के सभी गांवों में सी एम फैलो सौरभ भार्गव के निर्देशन में मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों द्वारा शासन की योजनाओं के प्रति महिलाओं, वृद्ध जनो विकलांगजनो को जागरूक किया जा रहा है। योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो सके इसके लिए महिला चौपाल का आयोजन हटा ब्लॉक के हर गांव मे किया जा रहा है महिला चौपाल में लाडली बहना योजना, पीएम आवास योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, पेंशन योजना आयुष्मान भारत योजना, लाड़ली बहना आवास योजना,उज्ज्वला योजना, आदि के बारे में बताया जा रहा है। इसी के साथ साथ जनसेवा सी एम हेल्पलाइन 181 एवं दमोह हेल्पलाइन 07812350300 के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी जा रही है। ग्राम पंचायत मलवारा में महिला चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा हमारे दमोह जिले में पदस्थ सी एम फैलो सौरभ भार्गव एवं मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रो द्वारा सभी ग्रामीण महिलाओं वृद्ध जन एवं विकलांग जनों को मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई जैसे मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना,मुख्यमंत्री लाडली बहना आवास योजना,वृद्धा पेंशन योजना,विकलांग पेंशन योजना इत्यादि एवं विभिन्न योजना के आवेदन प्रक्रिया के बारे में सभी महिलाओं को जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र राकेश कुर्मी,अजय पटेल ,धर्मेंद्र पटेल ,भारती अहिरवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम पंचायत के सरपंच मिथुन अहिरवार, सचिव लोकेंद्र अठया, रोजगार सहायक लियाकत अली ,आगनवाड़ी कार्यकर्ता मुन्नी चौरहा, और चंदा पटेल का पूरा सहयोग मिला।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव का किया आयोजन




**दमोह देशबन्धु।** शासकीय कमला नेहरु महिला महाविद्यालय दमोह में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पी.एल.जैन के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 के0 पी0 अहिरवार, जनभागीदारी के अध्यक्ष चन्द्रभान पटैल, डॉ0 किरण दुबे, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पी.एल.जैन महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ0 एन. पी. नायक, युवा उत्सव प्रभारी डॉ0 रेखा जैन, के करकमलो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस आयोजन में शासकीय महाविद्यालय पथरिया, शासकीय महाविद्यालय हटा, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह, शासकीय महाविद्यालय जबेरा, शासकीय महाविद्यालय तेन्दुखेड़ा, डॉ0 विजयलाल स्मृति महाविद्यालय दमोह, ओजस्विनी महाविद्यालय दमोह ने सहभागिता की। रुपांकन पक्ष के अंतर्गत रंगोली, विद्या के संयोजक डॉ0 मुदिता प्रवीण श्रीवास्तव, स्पॉट पेटिंग, पोस्टर, कार्टूनिंग, के संयोजक श्री दीपक कुमार सैनी, तथा क्ले मार्डलिंग की संयोजक डॉ0 मालती नायक रही। रंगोली विद्या में ओजस्वनी महाविद्यालय की छात्रा रितु जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के छात्र जयदीप सेन, प्रथम स्थान प्राप्त किया । स्पॉट पेटिंग में पूनम प्रजापति शासकीय महावि. हटा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । पोस्टर में शासकीय क0ने0म0महाविद्यालय दमोह की छात्रा कुमकुम सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । कार्टनिंग में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह की छात्रा साक्षी जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । शासकीय क.ने.म.महाविद्यालय दमोह की छात्रा वैशाली लोघी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक/सह.प्राध्यापक/सहा.प्राध्यापक/अतिथि विद्वान/कर्मचारीयो एवं छात्राओं की उपस्थिति रही। मंच का संचालन डॉ0 अवधेश जैन प्राध्यापक, एवं मंच का आभार डॉ0 आराधना श्रीवास सहा.प्राध्यापक द्वारा किया गया।

## युवा मोर्चा के नेतृत्व में जन आशीर्वाद यात्रा के साथ निकला बाईक का काफिला



**दमोह देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का लेखा जोखा जनता तक पहुंचाने के लिए विभिन्न स्थानों से पांच रथों को रवाना किया गया है जो कि 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती पर भोपाल में आयोजित विशाल कार्यकर्ता महासम्मेलन में पहुँचेगे जिसमें से एक रथ 19 सितंबर को दोपहर दमोह जिले के पथरिया विधानसभा में पहुंचा जिसमें पथरिया विधानसभा के युवा मोर्चा मंडल अध्यक्षों द्वारा अपने-अपने मंडल से बाइक रैली निकालकर युवाओं के साथ जन आशीर्वाद यात्रा का स्वागत किया एवं बाइक रैली काफिले के साथ जन आशीर्वाद यात्रा को हटा विधानसभा तक पहुंचा इसके बाद हटा विधानसभा के युवा मोर्चा मंडल अध्यक्षों द्वारा आयोजित बाईक रैली ने जन आशीर्वाद यात्रा हटा विधानसभा में यात्रा के साथ रही एवं जन आशीर्वाद यात्रा को अगले दिन दमोह विधानसभा तक पहुंचाया इसके बाद दमोह विधानसभा के युवा मोर्चा की बाईक रैली जन आशीर्वाद यात्रा काफिले के साथ रही और दोपहर में यात्रा को जबेरा विधानसभा तक पहुंचाया इसके बाद जबेरा विधानसभा के युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली के साथ जबेरा विधानसभा के राजघाट पर जन आशीर्वाद यात्रा का स्वागत किया और जबेरा विधानसभा भ्रमण करते हुए बाइक रैली काफिले के साथ जन आशीर्वाद यात्रा को जबलपुर जिले की सीमा तक पहुंचाया इस तरह से दमोह जिले की चारों विधानसभा में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अपनी-अपनी विधानसभा में अपने-अपने मंडल की बाइक रैली को लेकर यात्रा के साथ चले और जगह-जगह पर यात्रा का स्वागत किया युवा मोर्चा के इस कार्य को जिला अध्यक्ष ने सराहना करते हुए कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिले की चारों विधानसभा में जन आशीर्वाद यात्रा की शोभा में जो चार चांद लगाए हैं उसके लिए मैं दमोह जिले के भारतीय जनता युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी एवं प्रत्येक कार्यकर्ता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

## सीईओ जिला पंचायत ने आपदा प्रबंधन के प्रशिक्षण में मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ



**दमोह देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य जिला पंचायत दमोह में सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा द्वारा आपदा प्रबंधन की टीम सहित प्रशिक्षण में उपस्थित हुए जिले की स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, आजीविका मिशन सी. आर. पी. एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं को लोकतंत्र की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एनएसएस जिला संगठन डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी द्वारा मतदान के प्रति जागरूकता संदेश के साथ-साथ लोकतंत्र के नारे भी लगवाए गए। इस कार्यक्रम में सिद्धार्थ जाउरकर, सौरभ खरे, राजकुमार सेन, जितेंद्र राजपूत सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिले में चढ़ेगा गरबे का रंग



**दमोह देशबन्धु।** गरबा महोत्सव 15 से 23 अक्टूबर तक चलेगा गरबा में नवरात्रि का उत्सव शुरू होने वाला है, जिसमें शहर में गरबे को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है. इसके पहले गरबा 1.0 हो चुका है यह दूसरा साल गरबा 2.0 होने वाला है जो कि अभी गरबा की प्रेक्टिस चालू है दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक नीलकमल गार्डन किल्लाई नाका दमोह और रजिस्ट्रेशन अभी भी चालू है इसी को लेकर स्थानीय नील कमल गार्डन में गरबा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें प्रतिभागी अपना बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। गुजराती गरबा और बॉलीवुड गरबा महोत्सव होगा। आयोजकर्ता एम जे रजित गुप्ता , नीतू महाकुर, रोशनी गुप्ता, कोरियोग्राफी एम.जे. राजित गुप्ता, भरत भट्ट, नितिन, जीया, शिवा, समिति के मुकेश व्यस्था नीतू महाकुर, रोशनी गुप्ता पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम में एम जे रजित गुप्ता कर रहे है. कार्यक्रम में पूरा परिवार माहौल देने का प्रयास किया गया है, मां की उपासना के पर्व में मॉ के भक्त लीन रहेगें।

## नगर परिषद के साधारण सम्मेलन में नगर विकास के कई बिंदु स्वीकृत

**मुरैना, देशबन्धु।** जौरा स्थानीय नगर परिषद की साधारण सम्मेलन का आयोजन अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें नगर विकास के कई बिंदुओं को मंजूरी दी गई। शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय में आयोजित निकाय के साधारण सम्मेलन में शासन निर्देश पालन में प्रतिदिन की जाने वाली स्थाई दखल बाजार वसूली को समाप्त कर वार्षिक अर्धवार्षिक वसूली राशि निर्धारित कर वसूली किए जाने के प्रकरण को स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार बिंदु क्रमांक 2 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपभोक्ता प्रभार एवं बड़ी हुई जलकर की दरों के प्रकरण को आगामी बैठक में रखने का निर्णय लिया गया। शहर के एमएस रोड पर सौंदरीकरण हेतु डिवाइडरों पर विद्युत पोल में स्ट्रीट लाइट के लगवाने की भी स्वीकृति परिषद द्वारा दी गई। इसी प्रकार विशेष निधि अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों के प्रकरण को भी सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। नगरी अधोसंरचना विकास निधि अंतर्गत वार्ड 9 एवं वार्ड 18 में एमएस रोड हायर सेकेंडरी स्कूल के पास से गौरीशंकर वेयरहाउस के पास तक आरसीसी कवर्ड नाला निर्माण के प्रकरण को भी स्वीकृत किया गया। निकाय में अनुपयोगी सभी प्रकार के कबाड़ को खुली बोली द्वारा नीलामी प्रकरण की भी स्वीकृति दी गई। नगर के वार्ड क्रमांक 4, 5 तथा 15 में एमएस रोड से पुरानी सब्जी मंडी के पास तक इस्लामपुर रोड का चौड़ीकरण प्रकरण को भी मंजूर किया गया। इसके अलावा नगर विकास जनहित के अन्य बिंदुओं को भी सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।

## गणेश जन्मोत्सव समारोह में हुई कींगड़ी गायन की प्रस्तुति



**सिरोंज, देशबन्धु।** श्री गणेश मंदिर गणेश की अथाई में चल रहे दस दिवसीय गणेश जन्मोत्सव समारोह में केवट समाज द्वारा देर रात्रि तक क्षेत्रीय लोककला एवं नृत्यों पर आधारित कींगड़ी गायन की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर सर्वसेवा केवट समाज के प्रमुख परमानंद केवट एवं रामप्रसाद केवट की मंडली के कलाकारों ने आकर्षक नृत्यों के आधार पर धार्मिक एवं क्षेत्रीय गीतों ढिमरायाई की मनोरम प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। देर रात्रि तक चले इस कार्यक्रम में केवट के समाज कलाकारों ने अपने देशी वाद्ययंत्र सारंगी, खंजड़ी, बांसुरी आदि के द्वारा उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। इससे पूर्व समिति सदस्यों ने मंडली के कलाकारों एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाव सिंह कुर्मी एवं अध्यक्षता कर रहे पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भैरोसिंह कुमी का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक रावल ने किया। इस समिति अध्यक्ष कृष्णविहारी पांडे, शिवकुमार मिश्रा, राजेन्द्र गर्ग, पदम ताम्रकार, ललितकांत चौरसिया, के साथ ही बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे। गणेश जन्मोत्सव समारोह में चल रहे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के क्रम में आज दोपहर में श्री अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा। नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की रामायण एवं सुन्दरकांड पाठ मंडलियों द्वारा संगीतमय रामचरित मानस का पाठ किया जावेगा। श्री अखंड रामायण पाठ का समापन रविवार को रात्रि में होगा।

## स्व सहायता समूहों और रसोइया संघ की हड़ताल 25 से



**मुलताई, देशबन्धु।** प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ की रसोइया बहनों ने शुक्रवार को जनपद पंचायत के सीईओ, बीआरसी,महिला बाल विकास अधिकारी मुलताई को ज्ञापन सौपकर 12 सूत्रीय मांगे पुरी नही होने पर 25 सितंबर से हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ की स्व सहायता समूहों एवं रसोइया बहनों द्वारा 12 सूत्रीय मांगों को लेकर अगस्त माह में अनिश्चितकालीन चूल्हा बंद आंदोलन किया था।शासन द्वारा मांगों के निराकरण का आश्वासन देने के बाद चूल्हा बंद अनिश्चितकालीन हडताल स्थगित की गई थी।लेकिन सभी मांगे पूरी नही होने के कारण पुन:25 सितंबर से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में पीओएस मशीन में फिंगर से स्व सहायता समूह को खाद्यान्न प्राप्त होता है, जिसमें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कभी फिंगर ना लगना और कभी पीओएस मशीन बंद हो जाती है,कभी सर्वर डाउन हो जाता है, जिसके कारण बार-बार उचित मूल्य दुकान में जाना पड़ रहा है। वहीं आवंटन जारी होने के बाद भी समय से खाद्यान्न नहीं पहुंचता है। जिससे 60 प्रतिशत स्व सहायता समूहों का खाद्यान लेप्स होने की भी समस्या उत्पन्न होती है। ज्ञापन में पूर्व की तरह पत्रक के द्वारा खाद्यान्न देने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र कापसे, जिला सचिव रूपा उपराले,ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी नागले,प्रमिला गोहे,पुष्पा लिखितकर, आशा हुरमाडे,सविता मोरले, रीता नागले, माया उपराले ,रेखा बिहारे,निर्मला उईके, चंदा उईके प्रमुख है।

# लाड़ली बहनों के लिए एक और बड़ी खुशखबरी



## 1 सितम्बर से रसोई गैस सिलिंडर मिलेगा सिर्फ ₹450 में

## भैया शिवराज सिंह चौहान ने की सिलिंडर रीफिलिंग योजना की शुरुआत

"प्रिय लाड़ली बहनों, रक्षाबंधन के अवसर पर 27 अगस्त को मैंने आप सभी को वचन दिया था कि सावन के महीने में ₹ 450 में आप सभी को गैस सिलिंडर प्राप्त होगा। मैंने यह भी कहा था कि ₹ 450 में गैस सिलिंडर मेरी लाड़ली बहनों को मिले इसकी स्थायी व्यवस्था भी मेरी सरकार करेगी। मैंने वो वचन पूरा करते हुए इसके लिये योजना लागू कर दी है। आप सभी से अपील करता हूं कि इसके लिए बहनें आवेदन भरें ताकि पोर्टल पर पंजीयन हो सके।"

शिवराज सिंह चौहान

### पात्रता

- ऐसी बहनों को पात्रता होगी जो पूर्व से गैस कनेक्शनधारी हों।
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लाभार्थी बहनें भी पात्र होंगी।

### पंजीयन

- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना पोर्टल पर पंजीयन होगा।
- केवल दो दस्तावेज आवश्यक होंगे, एलपीजी कनेक्शन आईडी एवं समग्र आईडी।
- पंजीयन उन सभी केंद्रों पर, जहां लाड़ली बहना योजना का पंजीयन होता है, किया जायेगा।
- शासन ऑयल कम्पनी से पात्र बहनों की जानकारी प्राप्त कर, उसका प्रदर्शन 25 सितम्बर को उक्त पोर्टल पर करेगा।
- बहनों की समस्या निराकरण हेतु 'शिकायत निवारण एप्लीकेशन' भी उपलब्ध होगी।

### अनुदान राशि

- पात्रताधारी बहनों को प्रतिमाह अधिकतम एक रीफिल पर अनुदान।
- लाड़ली बहनें ऑयल कम्पनी से कम्पनी की दर पर गैस रीफिल करायेंगी। ₹450 से ऊपर की राशि बहनों के बैंक खाते में रीफंड की जायेगी।
- सावन माह, 4 जुलाई से 31 अगस्त तक गैस रीफिल कराने वाली बहनों को भी अनुदान उनके बैंक खातों में दिया जायेगा।




मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-16309/23 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023


स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

## सार-समाचार

### क्षुल्लक श्री विश्वप्रभु सागर के मंगल सानिध्य में मन रहा पर्युषण पर्व



**मालथौन, देशबन्धु।** नगर में क्षुल्लक श्री विश्वप्रभु सागर का मंगल चातुर्मास चल रहा है उनके सानिध्य में दसलक्षण महापर्व पर धर्म प्रभावना वह रही है। नगर के बड़ा जैन मंदिर में विराजमान क्षुल्लक श्री मुखारविंद से श्रीजी अभिषेक के उपरांत जनकल्याण की मंगलकारी भावना से शांतिधारा मंत्रो उचारण से सम्पन्न हो रही हैं। इसके पश्चात श्रावकों को धर्म देशना प्राप्त हो रही हैं। शनिवार को भाद्र शुक्ला अष्टमी को भक्तामर महा मण्डल विधान का आयोजन किया गया हैं। जिसमें प्रवीण शास्त्री सांगानेर संस्था से के कुशल निर्देशन मे और संगीतकारो की उपस्थिति मे दोपहर 2.30 से किया जा रहा हैं। विधान पुण्यार्जक शीलचंद्र और राकेश कठरया परिवार है। चर्तुथ दिन उत्तम शौच धर्म पर प्रात: बेला में श्रीजी का अभिषेक और शांतिधारा संपन्न हुई इसके पश्चात सामूहिक रूप से दसलक्षण पूजन हुआ। सकल समाज जन शामिल होकर धर्म लाभ उठा रहे है।

### भजन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्र. 10 के द्वारा मुनि श्री सुदत्तसागर एवं छुल्लक चंद्रदत्त सागर एवं आर्यिका अकम्पमति एवं अचल मति माताजी की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर नेहा नगर में संगीतमय भव्य भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, शुभारंभ के पूर्व में आचार्य श्री के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथि कमल जैन, अध्यक्ष, सुरेश जैन अध्यक्ष जैन मिलन, डालचंद जैन, प्रमोद भायजी, आशीष जैन, राकेश जैन द्वारा किया गया। सुरेश जैन अध्यक्ष जैन मिलन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं सभी ने बढ़-चढ़कर बहुत ही सुंदर एवं मनमोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की निर्णायक मंडल सुचित्रा जैन, उषा पुष्कर, मनीष जैन विद्यार्थी, अरुण जैन, रविंद्र जैन मंत्री, निशिकांत सिंघई प्रचार मंत्री के द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। जिसके आधार पर प्रथम अभिलाषा जैन, द्वितीय सृष्टि जैन, तृतीय मयूरीका जैन रही। प्रीति जैन एवं प्रगति जैन को सांत्वना पुरस्कार मुख्य अतिथियो द्वारा दिए गए। इस अवसर पर हेमचंद जैन कार्यकारी अध्यक्ष, अरुण चंदेरिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय जैन, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष जैन, निलेश जैन, प्रदीप जैन, वीरांगना किरण जैन, भारती जैन, मनीषा जैन आदि सहित बड़ी संख्या में समाज जन एवं जैन मिलन के सदस्य मौजूद थे, कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र जैन के द्वारा किया गया। अंत में रविंद्र जैन मंत्री एवं प्रवीण जैन उप मंत्री द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### जो प्राप्त है वही पर्याप्त है, यहीं शौच धर्म हैः मुनिश्री

**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर के सभी जिनालयों में दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म के तहत नित्य नियम अभिषेक, शान्तिधारा एवं विधान पूजन हुआ। दोपहर में वाचन और तत्वार्थ सूत्र महामंडल विधान हुआ, सौधर्म इंद्र चिंतामन शिक्षक परिवार रहे, मुनिश्री के मुखर्दविंद से शांतिधारा हुई



विधान की सभी क्रियाये पं. प्रवीण शास्त्री द्वारा स्थानीय संगीतकारों की धुनों पर संपन्न कराई, शाम को भगवान की मंगल आरती की गई और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। बड़ा मंदिर में मुनि श्री विरंजन सागर ने अपने प्रवचनो में कहा कि क्रोध मित्रता को, मान जीवन को और लोभ व्यक्ति के जीवन को नाश करता है, आज उत्तम शौच धर्म का दिन है, यह बात पर्यूषण पर्व के चौथे दिन उत्तम शोच धर्म के दिन धर्मसभा में कहीं उन्होनें कहा कि उमा स्वामी महाराज ने तत्वार्थ सूत्र में लिखा है कि जब तक चारों कषायों को नष्ट नहीं करोगे तब तक सत्य प्रकट नहीं हो सकता, लोभ को पहले कम करना होगा तभी सत्य प्रकट होगा, व्यक्ति को तन से मन से धन से तीन चीजों से पवित्र होना है, इसी का नाम ही उत्तम शौच धर्म है। हमे तन का नहीं मन का श्रृंगार करना है, मन की पवित्रता से ही कषाय जाएगी, पवित्र भावना से की गई एक वंदना सबसे ज्यादा फल देता है, लोभ कषाय से ही व्यक्ति पाप करता है, एक लोभ कषाय से ही सारी कषाय पनपने लगती हैं, यह अटल सत्य है कि पहला पेट, दूसरा शमशान, तीसरा समुद्र और चौथा मन ये चारों चीज कभी तृप्त नहीं होती, मन की दूर्णता से ही साधना होती है, लोभ प्रवृत्तियों को कम करें और अपने जीवन को पावन बनाने के लिए तन मन धन तीनों को शुद्ध करें, जो प्राप्त है वही पर्याप्त है, इस अंतिम सूत्र को धारण करें तभी कल्याण होगा और उत्तम शौच धर्म अंगीकार करे, आज के दिन की यही सार्थकता होगी।

### नगर निगम का घेराव स्थगित

**सागर, देशबन्धु।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में नगर निगम का घेराव 26 सितम्बर को होना प्रस्तावित था। 27 सितंबर को जनआक्रोश यात्रा के सागर में आगमन को लेकर उक्त निगम घेराव कार्यक्रम अभी स्थगित कर दिया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने बताया कि नगर निगम के भ्रष्टाचार और सागर निगम नगर क्षेत्र में अव्यवस्थाओं को लेकर नगर निगम घेराव कार्यक्रम के लिए आगामी तिथि जन आक्रोश यात्रा के पश्चात घोषित की जाएगी।

# देवरी नगर के बस स्टैंड गांधी स्मारक पर भाजपा के पार्षद अपनी ही परिषद के विरोध में बैठे धरने पर



**देवरीकलां, देशबन्धु।** देवरी नगर पालिका के अंतर्गत विकास कार्यो मे हो रही विसंगतियों को लेकर भाजपा के सात वार्ड पार्षद अपनी ही परिषद के अध्यक्ष एवं उपयंत्री के विरोध में बैठे अनशन भूख हड़ताल पर पार्षदों का आरोप वार्डों में भेदभाव पूर्ण किए जा रहे विकास कार्य नगर के सात वार्ड में नहीं आ रही थी कचरा गाड़ी, नहीं हो रही थी नाली साफ , देवरी नगर पालिका परिषद जब से परिषद का गठन हुआ है तब से ही विवादों में चल रही है जहां पर परिषद में बहुमत प्राप्त नेहा अलकेश जैन के साथ 8 पार्षदों के वार्डों में धड़ाधड़ विकास कार्यों की गंगा बहाई जा रही है निर्माण कार्य हो रहे हैं सफाई कार्य हो रहे हैं परंतु हारे हुए अध्यक्ष पद के दावेदार सरिता संदीप जैन के पक्ष वाले सात पार्षदों के वार्ड में ना दो विकास कार्य हो रहे हैं और ना आई सफाई कार्य हो रहे हैं ना ही निर्माण कार्य हो रहे हैं इसी बात की नाराजगी को जताते हुए सरिता संदीप जैन के पक्ष में वोट करने वाले साथ पार्षद अनिश्चितकालीन धरने पर बस स्टैंड स्थित गांधी प्रतिमा के सामने बैठे हुए हैं इन पार्षदों का आरोप है कि नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा भेदभावपूर्ण तरीके से आठ वार्डो में विकास कार्य कराए जाते हैं जो कि परिषद समर्पित वार्डों में से हैं और सरिता संदीप जैन समर्थित 7 पार्षद नगर पालिका की कार्यशैली से पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं और उन्होंने मांग की है उनकी मांग नहीं मानी जाती है तो वह अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रहेंगे इस मामले को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारी को सोचना चाहिए, क्योंकि अगले ही कुछ महीनो में विधानसभा चुनाव हैं और इसका अंजाम ही भाजपा सरकार को आगामी चुनाव में भुगतना पड़ सकता है। उक्त भाजपा के सात वार्ड पार्षद अनिवार्ताओं के संबंध में अध्यक्ष पति से बात करने पर अध्यक्ष पति द्वारा दुत्कार दिया गया और पार्षदों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, हर कार्य में घर पक्षपात किया जा रहा है इन्हीं मांगो को लेकर हम सात वार्डों के पार्षदों द्वारा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जा चुके हैं पार्षदों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपेगे।

### ज्ञापन में ये हैं मांगे

देवरी नगर पालिका परिषद स्थाई सीएमओ की पद स्थापना के साथी अकाउंटिंग एवं सफाई दरोगा की पद स्थापना कराई जाए। विगत एक वर्ष में किये गये स्वीकृत निर्माण कार्य की सक्षम एजेंसी द्वारा जांच कराई जाए। देवरी नगर पालिका परिषद द्वारा बैठक एजेंडा बैठक कार्यवाही के साथ नियमित आय व्यय पत्रक पार्षदों को दिए जावे। बगैर परिषद को विश्वास में दिए कर्मचारियों की नियुक्ति जैसे देवरी नगर पालिका में सफाई मित्रों के नाम पर लगाये गये लडको की जांच करवाई जाये। शासन द्वारा आवंटित सौंदर्यकरण की राशि आय व्यय की राशि एवं सात वार्डों में आवंटन न किया जाना क्या कारण है इसकी जांच होनी चाहिए।

## जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता का वास होता है : सरोज सिंह



**खुरई, देशबन्धु।** खुरई के नगरीय क्षेत्र में तीन स्थानों पर भाजपा खुरई नगर मंडल द्वारा वार्ड वार सम्मेलनों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरोज सिंह का भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया, वार्ड पार्षदों ने सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरोज सिंह ने महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने बहनों को बराबरी का दर्जा दिया है। इसी का परिणाम है कि आज बहनें पार्षद, नगर पालिका अध्यक्ष बनीं हैं। संत कवरदास वार्ड में आयोजित महिला सम्मेलन में कहा कि भाजपा की राज्य सरकार ही नहीं केन्द्र की मोदी सरकार भी महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक कार्य कर रही है। भगत सिंह वार्ड में उन्होंने कहा कि जब लाड़ली बहना योजना प्रारंभ हुई थी तो मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने क्षेत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ अपने निजी स्टाफको इस काम में लगाया था। जिसका परिणाम यह है कि आज खुरई विधानसभा क्षेत्र में लगभग 60 हजार महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। योजना की राशि 1 हजार से बढ़ाकर 1250 कर दी है, आगे इसे 3 हजार रूपए तक बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार वार्ड वार बहनों से मिलने का यह क्रम जारी रहेगा।

# मप्र का 7वां टाइगर रिजर्व बना नौरादेही अभ्यारण्य

### नया नाम होगा वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व, नोटिफिकेशन जारी






**सागर, देशबन्धु।** नौरादेही अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित कर दिया गया है। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी से मंजूरी के तीन महीने बाद सरकार ने शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसका नाम भी बदला गया है। अब इसका नया नाम वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व होगा। यह प्रदेश का सातवां टाइगर रिजर्व होगा। इसमें सागर, दमोह, नरसिंहपुर जिले के करीब 1,41,400 हेक्टेयर वन क्षेत्र को शामिल किया गया है। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी से मंजूरी के बाद से वन विभाग नौरादेही अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व में बदलने की तैयारियों में जुटा है। यह टाइगर रिजर्व नौरादेही अभयारण्य और मध्यप्रदेश के सबसे छोटे वीरांगना रानी दुर्गावती अभयारण्य को मिलाकर बनाया गया है। नौरादेही अभयारण्य को राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और भारतीय वन्यजीव संस्थान ने वैज्ञानिक अध्ययन के बाद भविष्य में चीतों के लिए उपयुक्त क्षेत्र माना है। केंद्रीय एजेंसी की सहमति मिलने के बाद नौरादेही में चीतों के शिफ्ट होने की सुगबुगाहट तेज हो गई है। केंद्रीय एजेंसी की सहमति के संबंध में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव को पत्र लिखकर जानकारी दी थी। इसमें मंत्री ने बताया था कि भविष्य में चीता एक्शन प्लान के तहत चीता का प्रमोचन भविष्य में नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य में किया जा सकता है। नौरादेही अभयारण्य की स्थापना 1975 में की गई थी। यह करीब 1200 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला है। इसमें बड़ी संख्या में वन्यजीव हैं, जिनमें तेंदुआ मुख्य हैं। एक समय यहां बाघ भी पाए जाते थे, लेकिन संरक्षण नहीं मिलने के कारण वे लुप्त हो गए थे। इसके बाद बाघों की संख्या बढ़ाने के तहत साल 2018 में नौरादेही अभयारण्य में नए बाघ और बाघिन को छोड़ा गया था। वर्तमान में नौरादेही में 12 बाघ हैं। इसके अलावा चिंकारा, हिरण, नीलगाय, सियार, भेड़िया, लकड़बग्घा, जंगली कुत्ता, रीछ, मगर, सांभर, मोर, चीतल समेत कई अन्य वन्य जीव इस क्षेत्र में पाए जाते हैं। वन विभाग इनके संरक्षण का काम करता है।

## सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं, सत्य से प्रतिष्ठा बढ़ती हैः मुनिश्री

**मकरोनिया, देशबन्धु।** विश्वसनीय और प्रामाणिक वह होता है जिसके हृदय में सरलता हो, आचरण में सच्चाई हो और मन में सत्य के प्रति निष्ठा हो। सत्य का मूल सरलता है और असत्य का मूल क्रोध, लोभ आदि विकार है। सत्य ही विश्वास का आधार है। अप्रिय सत्य और प्रिय झूंठ मत बोलो यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनिश्री ने कहा सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं, सत्य से प्रतिष्ठा बढ़ती है। सत्य की सदा जीत होती है। व्यवहार में सत्य वचन को सत्य धर्म कहते हैं। जो वचन पाप सहित हिंसा रूप कार्य को पुष्ट करता है वह सत्य वचन भी असत्य और निंदनीय है। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा सत्य बोलने वाला सदा सुखी रहता है। सत्य शब्दों का अनुभव का विषय है सत्य को भले ही पूर्णता व्यक्त नहीं किया जावे पर अनुभव अवश्य ही किया जा सकता है। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया की मुनि संघ के प्रवचन की पूर्व पाठशाला के बच्चों के द्वारा उमा स्वामी द्वारा रचित तत्वार्थ सूत्र का वाचन छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा किया जाता है।

## वचन की पक्की कांग्रेस पटवारी संघ का समर्थन करती है : केसरवानी



**सागर, देशबन्धु।** पटवारी संघ के प्रांतीय आवाहन पर मप्र पटवारी संघ तहसील सागर की कलम बंद हड़ताल क्रमिक भूख हड़ताल 26 वें दिन भी जारी रही। कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष ग्रामीण अखिलेश मोनी केशरवानी ने पटवारी संघ के बीच उपस्थित होकर उनका समर्थन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कहा कि भाजपा सरकार पटवारी संघ के साथ भेदभाव कर रही है संघ पिछले कई वर्षों से अपनी मांगों को को रखता आ रहा है और जो पटवारी संघ द्वारा मांग की जा रही है वह जायज भी है। परंतु बीजेपी सरकार द्वारा मांगों को पूर्ण नहीं किया गया हमारे पटवारी भाई पिछले 26 दिनों से हड़ताल पर बैठी है परंतु सरकार सो रही है। अगर आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनती है तो कमलनाथ जैसे कि पहले वचन दे चुके हैं की प्रथम कैबिनेट में जो पटवारी संघ की मांगे हैं उन्हें नियमानुसार पूर्ण करेंगे और हमारे कमलनाथ आश्वासन में नहीं वचन पर भरोसा रखते हैं। इस अवसर पर जिला पटवारी संघ अध्यक्ष सर्वजीत सिंह कंग ने कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष ग्रामीण अखिलेश मोनी केसरवानी का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपके आने से पटवारी संघ को नई ऊर्जा मिली है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पटवारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शरीर और आत्मा के यथार्थ स्वरूप का परिचय देती हैं: नीलम बहन

**सागर, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सागर के तत्वावधान में श्री ठाकुर देवलिया मंदिर शिवाजी चौक सदर बाजार में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा एवं राजयोग शिविर के प्रथम दिवस का शुभारंभ श्री भागवत जी की आरती से किया। साथ ही कथा आयोजक सीताराम कीर्ति केशरवानी के द्वारा प्रवचनकर्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीलम बहन का तिलक, फूलमाला से सम्मान किया गया। प्रथम दिवस में प्रवचनकर्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने परमपिता परमात्मा का आह्वान करते हुए बताया कि मैं कौन हूं।



कहां से आया हूं और वापस कहां जाना है। ये मैं कहना वाला कौन हैं। शरीर या आत्मा फिर आत्मा की तीन सूक्ष्म शक्तियां होती हैं, जिस प्रकार शरीर की आवश्यकता की पूर्ति पांच तत्वों के माध्यम से होती हैं, उसी प्रकार आत्मा अपने सात गुणों आनन्द, ज्ञान, शांति, प्रेम, सुख, पवित्रता, शक्ति का अनुभव तीन शक्तियों के माध्यम से करती हैं मन, बुद्धि और संस्कार। गीता का ज्ञान हर धर्म के लिए है। हर मानव के कल्याण की राह श्रीमद्भगवद्गीता में समाई हुई है। हमें अपने स्व को खोजना होगा। आत्मज्ञान की प्राप्ति से ही आत्मा में पवित्रता, प्रेम, दया, सहनशीलता, सहयोग आदि नैतिक मूल्यों का निर्माण होता हैं। दुनिया में हर मां का सपना होता है कि उन्हें श्रीकृष्ण जैसा बच्चा हो। उनके जैसा चरित्र, कर्म, व्यवहार हो जो कुल का नाम रोशन कर माता-पिता का मान बढ़ाये। इसके लिए जरूरी है कि माता-पिता को पहले अपने जीवन को श्रेष्ठ, महान बनाना होगा। उन्हें बचपन से जीवन को महान बनाने की शिक्षा देना होगी। अपने बच्चों को बचपन से बड़ों का आदर, सम्मान करना सिखाये। इस अवसर पर सागर सेवाकेन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी छाया दीदी, ब्रह्माकुमारी सीता बहन, ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन साथ ही क्षेत्र की समस्त ब्रह्माकुमारी बहनें-भाई, माताएं उपस्थित रही।

## सांस्कृतिक पर्यटन पर 2 दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का शुभारम्भ



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि में सामान्य एवं व्यावहारिक भूगोल विभाग द्वारा अभिमंच सभागार में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. कैलाश चंद्र भूतपूर्व निर्देशक, जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया रहे हैं, उन्होंने अपने उद्बोदन में भारत में पर्यटन की अपार संभावनाओं पर प्रभाव डालते हुए भारत की सांस्कृतिक विविधता विशाल समुद्र तटीय क्षेत्र, उद्यान के साथ ही मप्र की सांस्कृतिक स्थलों की सांस्कृतिक समृद्धता पर प्रकाश डाला एवं पर्यटकों के आकर्षण हेतू उपर्युक्त स्थलों बताया। अध्यक्षता कर रही प्रो. नीलिमा गुप्ता ने पर्यटन के महत्व पर भारत में प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक के पर्यटन के विस्तार को रेखांकित किया। भारत में पर्यटन की सांस्कृतिक संपन्नता व्यवस्था के साथ ही युवाओं को पर्यटन के प्रति जागरूक करने के प्रति अपने विचार व्यक्त किये। विवि में विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों की टीमें बनाकर विश्वविद्यालय के लगभग 1300 एकड़ में फैले हुए अलग-अलग खूबसूरत स्थलों में भ्रमण कराने पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के संयोजन डॉ. आरबी अनुरागी ने इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार की महत्वपूर्ण थीम के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. परवेन्द्र कुमार सचिव राष्ट्रीय सेमीनार ने बढ़ी कुशलता से संपादित किया। अंत में सभी अतिथियों का एवं देश के विभिन्न राज्यों से आये हुए प्रतिभागियों का आभार कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राजबहादुर अनुरागी ने व्यक्त किया।

## शासकीय महाविद्यालय में हुआ जिला स्तरीय टेबिल टेनिस का आयोजन



**बीना, देशबन्धु।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि देवेंद्र प्रताप सिंह एसडीएम एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, प्राचार्य डॉ. रेखा बरेठिया, पूर्व कीड़ा अधिकारी एलएन पाठक, पूर्व प्राध्यापक डॉ. व्हीके अग्निहोत्री उपस्थित रहे। देवेंद्र प्रताप सिंह ने शुभारंभ करते हुए कहा कि विद्यार्थी अपनी खेल प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करें। खेलों के माध्यम से विद्यार्थी अपना बेहतर करियर बनाएं। प्राचार्य डॉ. रेखा बरेठिया ने कहा कि विद्यार्थी अच्छी खेल भावना के साथ खेलों में भागीदारी करें। खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। जिला स्तरीय टेबिल टेनिस पुरुष वर्ग में पीजी कॉलेज बीना की टीम विजेता एवं शासकीय महाविद्यालय रहली की टीम उप विजेता रही तथा महिला वर्ग में शासकीय पीजी कॉलेज, बीना की टीम विजेता रही। संचालन डॉ. एमएल सोनी ने किया। आभार डॉ. एके जैन ने व्यक्त किया।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने कुलपति और कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**सागर, देशबन्धु** डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय में बिना अनुमति लिए नियम विरुद्ध 19 सितंबर को गणेश प्रतिमा अनावरण और विश्वविद्यालय प्रांगण में संविधान की धारा 26(1) तथा विश्वविद्यालय द्वारा 26 मार्च 2022 को निकली गई अधिसूचना के तहत आदेश जिसमें कहा गया है कि विश्वविद्यालय प्रांगण में कोई भी धार्मिक गतिविधि का आयोजन नहीं होगा को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए दो सूत्रीय ज्ञापन कुलपति, कुलसचिव एवं कलेक्टर को दिया गया। पार्टी के जिला सचिव डॉ. राहुल भायजी ने बताया कि उक्त आदेश का उल्लंघन करते हुए विश्वविद्यालय प्रांगण में छात्रावासों के कुछ छात्रों द्वारा गणेश प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा था। छात्रावास अधीक्षक द्वारा उक्त अधिसूचना के तहत गणेश प्रतिमा के अनावरण को रोका गया। जिसकी सूचना विश्वविद्यालय को भी दी गई थी। विश्वविद्यालय प्रशासन एवं विश्वविद्यालय सुरक्षा इंचार्ज की निष्क्रियता के चलते उक्त गणेश प्रतिमा के अनावरण का आयोजन रोका नहीं जा सका। अपितु विश्व हिंदू परिषद द्वारा उक्त घटना का सांप्रदायकीकरण करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में विहिप ने अवांछित प्रवेश किया और छात्रों समेत छात्रावास अधीक्षक प्रो. राजेश गौतम को जूता मारने, प्रताड़ित एवं आतंकित करने का कृत्य विश्व हिंदू परिषद द्वारा किया गया। जिससे विद्यालय का अकादमिक, धर्मनिरपेक्ष माहौल को बिगाड़ने की मंशा जाहिर होती है। जो 26 मार्च 2022 को निकाली गई अधिसूचना का उल्लंघन है। विश्वविद्यालय परिसर में जारी अधिसूचना के आदेश का उल्लंघन करते हुए एवं बिना अनुमति लिए गणेश प्रतिमा की स्थापना में संलग्न तत्वों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराकर कानूनी कार्यवाही एवं प्रो. राजेश गौतम को विश्वविद्यालय प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा तत्काल सुरक्षा प्रदान कराये जाने की मांग ज्ञापन द्वारा की है ताकि कुलबर्गी, दाभोलकर, पानसरे, गौरी लंकेश की हत्या आदि जैसी घटना को दोहराया न दिया जा सके।

## खिलाड़ियों ने दौड़, शतरंज और कुश्ती प्रतियोगिता में लिया हिस्सा



**बीना, देशबन्धु।** बीपीसीएल रिफाइनरी के प्रोजेक्ट लक्ष्य के तहत आसपास के गांवों में कुश्ती, चेस एवं दौड़ का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाता है। इसके तहत खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिलास्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों ने दौड़, शतरंज और कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लिया। बालिका वर्ग में तीन किमी दौड़ में काजल रजक ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं शतरंज में अमृता चौरसिया ने पहला, सलोनी ठाकुर ने तीसरा, कुश्ती प्रतियोगिता बालिका वर्ग 49 किग्रा में सुहानी घोषी, 53 किग्रा में अभिलाषा साहू, 61 किग्रा में रूची साहू और 65 किग्रा में मेघा कुशवाहा आगासौद का संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 27 से 28 सितंबर तक आयोजित होगी।

# कन्या महाविद्यालय में युवा उत्सव का हुआ समापन



**बीना, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में युवा उत्सव का समापन हुआ। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. चंदा रत्नाकर ने कहा कि छात्राएं यदि मेहनत के साथ प्रस्तुति देती हैं तो उनकी जीत निश्चित है और उनकी जीत महाविद्यालय का गौरव है। राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान होता है। इसलिए युवाओं को जीवन में संतुलन बनाकर कड़ी मेहनत के साथ लक्ष्य हासिल करना चाहिए। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. निशा जैन ने कहा कि सभी छात्राएं अपने लक्ष्य का निर्धारण करें और आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति दें तो सफलता अवश्य मिलेगी। कार्यक्रम प्रभारी आरती ठाकुर ने कहा कि छात्राएं अपना इरादा मजबूत रखें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। सहयोगी सदस्य डॉ. उमा लवानिया ने कहा कि जीत के लिए जुनून चाहिए। जीवन में जीत और हार दोनों है पर खुद पर भरोसा रखें तो जीत निश्चित है। आयोजित प्रतियोगिताओं में चित्रकला विधा में आदर्श मतदान केंद्र पर छात्राओं ने चित्र बनाया। कार्टूनिंग विधा में जागरूक मतदाता विषय में छात्राओं ने चित्रांकन किया। समूह गान एवं सुगम एकल गान प्रतियोगिता में छात्राओं ने राम के भजन प्रस्तुत कर वातावरण भक्ति मय कर दिया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। मंच संचालन अन्या समैया और मुस्कान वाल्मीकि ने किया।